यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 46, सं. 2 VOL.XXXXVII NO. 2, मुंबई अप्रैल - जून, 2021

ಕರ್ನಾಟಕ-कर्नाटक विशेषांक
Karnataka Special

गृहपत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 46, सं. 2 VOL.XXXXVII NO. 2, मुंबई अप्रैल - जून, 2021

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
कल्याण कुमार

General Manager (HR)
Kalyan Kumar

संपादक
डॉ. सुलभा कोरे

Editor
Dr. Sulabha Kore

संपादकीय सलाहकार
ए. के. विनोद
एम. वेंकटेश
शैलेश सिंह
नवल किशोर दीक्षित

Editorial Advisors
A. K. Vinod
M. Venkatesh
Shailesh Singh
Naval Kishor Dixit

Printed and published by **Dr. Sulabha Kore**
on behalf of Union Bank of India and
printed at **UCHITHA GRAPHIC PRINTER PVT. LTD.**
352-54, Murlidhar Temple Compound,
Near Thakurdwar Post Office,
J.S.S. Road, Mumbai-400002.
and published at Union Bank Bhavan,
Nariman Point, Mumbai-400021.

Editor - **Dr. Sulabha Kore**
E-mail : sulabhakore@unionbankofindia.com
Our Address : Union Dhara,
11th Floor, Union Bank Bhavan,
239, Vidhan Bhavan Marg,
Nariman Point, Mumbai - 400 021.
E-mail : uniondhara@unionbankofindia.com
Mob. No. 9820468919
Tel.: 22896595 / 22896545 / 22896590

कर्नाटक विशेषांक

प्रकाशन तिथि : 12.08.2021

- परिदृश्य 3
- संदेश (क्षेमप्रका मंगलूरु/बेंगलूरू) 4
- संपादकीय 5
- साहित्य जगत से... 6-7
- काव्य धारा 8-9
- कर्नाटक का राज्य गीत 10
- कर्नाटक की नदियाँ 11
- कर्नाटक : एक यात्रा 12-13
- क्षेत्रीय विशेषताएँ 14-15
- Karnataka Shines 17
- Flora & Fauna of Karnataka / हमें गर्व हैं 18-19
- कर्नाटक की विभूतियाँ 20-21
- कर्नाटक के दर्शनीय स्थान 22-23
- कर्नाटक की खनिज संपदा 24-25
- कर्नाटक के विशिष्ट स्थल 26-29
- Bangalore - IT Hub of India 30
- An Iconic heritage Museum 31
- Natural Resources of Karnataka 32
- शिखर की ओर... 33-34

अनुक्रमणिका
Contents

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

- What's New 35
- कर्नाटक की गतिविधियों का अन्वेषण 36
- Festive Karnataka 37
- The Seat of Carnatic Music 39
- Folk Culture of Karnataka 39-40
- Founder of E-Corporation Bank 41
- E-Corp Centenary Public Library 42
- हमारा महाविद्यालय: हमारी शान 43-44
- हिन्दी और कन्नड़ भाषा का तुलनात्मक अध्ययन 45-46
- Art and Artisans of Karnataka 47-48
- Cultural legacy of Karnataka 49
- सेंटर स्प्रेड - हम्पी 50-51
- यक्षगान 52-53
- हमारे महत्वपूर्ण ग्राहक 54-59
- Popular Waterfalls in Karnataka 60-61
- कर्नाटक के विशिष्ट व्यक्तित्व / बधाई 62-66
- Karnataka with Indian Independence Struggle 67-68
- Contribution to Nation's Defence 69-70
- संत बसवन्ना 71-72
- विशिष्टता / हमें गर्व हैं 73-74
- Architecture of karnataka 75-76
- शुभमस्तु... 77
- सेवा निवृत्त जीवन से... 78
- Face in UBI Crowd 79-80
- कर्नाटक का खान-पान एवं पहनावा 81-82
- दक्षिण कर्नाटक के प्रसिद्ध मंदिर 83-84
- Karnataka the land of Opportunity & Innovation 85-86
- Agriculture in Karnataka 87-88
- सुधा मूर्ति 89-90
- Quiz Corner 91
- प्रतियोगिता क्र. 158 / परिणाम 92
- पुरस्कार / समाचार (केंद्रीकृत) 93
- समाचार दर्शन 94-97
- हेल्थ टिप्स / व्यंजन 98
- आपकी पाती 99
- बैक कवर 100

इस पत्रिका में व्यक्त विचारों से प्रबंधन का सहमत होना अनिवार्य नहीं है.

Designed and Printed at **UCHITHA GRAPHIC PRINTERS PVT. LTD.**, Mumbai-400 013



परिदृश्य
PERSPECTIVE

साथियों,

दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक भारत मुख्य रूप से 'विविधता में एकता' के लिए जाना जाता है. हम, भारत के लोग, विविध संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों, विश्वासों का प्रतिनिधित्व करते हैं और गर्व से कई सामाजिक, आर्थिक पहचानों को साझा करते हैं. कर्नाटक एक ऐसा राज्य है जो देश के विकास को प्रतिबिंबित करता है. इस राज्य में सांस्कृतिक विविधता प्रचुर मात्रा में है. साथ ही इस राज्य को समृद्ध इतिहास एवं कृषि योग्य भूमि, खनिज भंडार और एक विस्तृत तटीय पहुंच के साथ एक अद्भुत भौगोलिक स्थिति का लाभ मिला है. कर्नाटक में विभिन्न धर्मों का सामंजस्यपूर्ण सहअस्तित्व है और इसे इसके महीन नक्काशीवाले विशाल मंदिरों, प्राचीन स्मारकों आदि के माध्यम से देखा जा सकता है. इतिहास और वास्तुकला में समृद्ध कर्नाटक राज्य बहुत से विरासत के स्थानों (heritage sites) की मेजबानी करता है. इसकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रहता है. यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह राज्य लोगों की उद्यमिता का एक समृद्ध इतिहास बयां करता है.

पिछले कुछ समय से यह राज्य भारतीय औद्योगिक विकास में अग्रणी शक्ति रहा है. कर्नाटक की औद्योगिक संरचना में एक ओर जहाँ आधुनिक उच्च तकनीक पूंजीगत वस्तुएँ तथा ज्ञान गहन उद्योग हैं तो दूसरी ओर पारंपरिक उपभोक्ता वस्तुओं के उद्योग हैं. विशेषतया दक्षिण केनरा जिले उद्यमिता के लिए सबसे सक्रिय क्षेत्रों में से एक रहे हैं. भारत के प्रमुख बैंकों का जन्म दक्षिण केनरा में हुआ था. राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार और संरचना को देखते हुए, लगभग 70% का ऋण-जमा अनुपात, ऋण की और अधिक वृद्धि करने की एक बड़ी संभावना को दर्शाता है.

मुझे हर्ष है कि हमारी द्विभाषी गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' ने इस अंक को कर्नाटक राज्य को समर्पित किया है, जिसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं और आर्थिक अवसरों पर जानकारी का समृद्ध खजाना समाहित है. मैं इस अंक के लिए व्यापक पाठक वर्ग की कामना करता हूं. सुरक्षित रहें और अपना ख्याल रखें.

शुभकामनाओं सहित

राजकिरण रै जी.

राजकिरण रै जी.

Dear Unionites,

India, one of the oldest living civilizations in the world, is best known for 'unity in diversity'. We, the people of India, represent diverse cultures, languages, religions, beliefs, and proudly bear many socio-economic identities. Karnataka is one state which mirrors the developments in the country. Cultural diversity abounds while the state is also blessed with a rich history and geography with arable land, mineral deposits and an expansive coastal reach. Karnataka has harmonious coexistence of various religions and it can be seen through its vast intricate temples, ancient monuments etc. Rich in history and architecture it has a host of heritage sites. Moreover, a larger share of its population is living in urban areas. It is no surprise that people of the state have a rich history of entrepreneurship.

More recently, the state has been a leading force in the growth of Indian industry. The industrial structure of Karnataka represents a blend of modern high-tech capital goods and knowledge intensive industries on the one hand and traditional consumer goods industries on the other. The South Canara districts in particular have been one of most active regions for entrepreneurship. Some leading banks of India have had their origin in South Canara. Given the size and structure of the state economy, the credit-deposit ratio around 70% signals a huge potential for credit deepening.

I am happy that our bilingual House Journal, 'Union-Dhara' has dedicated this issue to Karnataka state, bringing a rich treasure of information on varied aspects of life and economic opportunity. I wish for a wider readership for the issue. Stay safe and take care.

With best regards,

Rajkiran Rai G.

क्षेत्र महाप्रबंधक, मंगलूरु की डेस्क से...

'यूनियन धारा' को कर्नाटक विशेषांक के माध्यम से प्रस्तुत करने की कोशिश, एक अच्छी पहल है. इस पत्रिका के माध्यम से मे मंगलूरु अंचल की ओर से सभी यूनियनाइट्स एवं पाठकों का अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ. शीर्ष प्रबंधन एवं 'यूनियन धारा' के संपादक मण्डल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुझे विश्वास है कि यूनियन धारा का कर्नाटक विशेषांक अद्वितीय होगा तथा आपके ज्ञानवर्धन में भी सहायक होगा.

भारत के दक्षिणतम हिस्से में बसे इस प्रदेश की संस्कृति, प्रकृति तथा ऐतिहासिक धरोहर इसे सबसे अलग राज्य बनाती है. यह सुन्दर तथा विशाल कृषि प्रधान राज्य है. आजादी से पूर्व इस राज्य का नाम मैसूर हुआ करता था. पश्चिम में अरब सागर, उत्तर-पश्चिम में गोवा, उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व में आंध्रप्रदेश, दक्षिण पूर्व में तमिलनाडु तथा दक्षिण में केरल से जुड़े हुए इस राज्य की एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जो विभिन्न साम्राज्यों के योगदान से निरंतर आगे बढ़ती रही है. कर्नाटकी साहित्य, वास्तुकला, लोकगीत, संगीत, चित्रकला और अन्य कला रूपों का लोगों पर बहुत प्रभाव पड़ता है. राज्य के लोग पारंपरिक हैं. सरल जीवन शैली के हैं. कर्नाटकी लोगों की संस्कृति और परम्पराओं की झलक उनके त्यौहार, उत्सव, वेशभूषा, गहने, संगीत और उनके खान पान में भी देखी जा सकती है.

मेंगलूरु अंचल के अधीन कुल 8 क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जिसमें से 6 क्षेत्रीय कार्यालय केरल राज्य में एवं अन्य दो, क्षे. का. मंगलूरु और क्षे. का. उडुपि, कर्नाटक राज्य में है, समामेलन से पूर्व कॉर्पोरेशन बैंक मंगलूरु शहर में अग्रणी बैंक होने के कारण वर्तमान में इस क्षेत्र में यूनियन बैंक की मौजूदगी व्यापक है. इस क्षेत्र में हमारे बैंक की व्यापकता एवं अपनी उपस्थिति बनाये रखने हेतु हमने अपने कार्यों के स्तर को और बेहतर बनाया है. कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में बैंकिंग की उत्पत्ति का पता वर्ष 1868 में लगाया जा सकता है. जब प्रेसीडेंसी बैंक ऑफ मद्रास ने बागान उत्पादों के निर्यात में शामिल ब्रिटिश कंपनियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक शाखा खोली. इसे अर्थव्यवस्था में मुख्य क्षेत्र, कृषि को संबोधित करने के लिए बनाया गया था लेकिन बाद में अन्य आर्थिक क्षेत्रों को भी संबोधित करने के लिए विविधता लाई गयी. कर्नाटक राज्य, विशेष रूप से दक्षिण कर्नाटक और उडुपी के तटीय जिलों, ऐतिहासिक और सामूहिक रूप से दक्षिण केनरा के रूप में जाना जाता है. इस क्षेत्र को भारत के बैंकिंग का उद्गम स्थल (cradle of banking in India) कहा जाता है. क्योंकि देश के सात प्रमुख बैंक केनरा बैंक, सिंडिकेट बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक, विजया बैंक, कर्नाटक बैंक, वैश्य बैंक और स्टेट बैंक ऑफ मैसूर की उत्पत्ति कर्नाटक राज्य के इसी भाग से हुई है. बैंकों की उपरोक्त सूची में से पहले पांच बैंक उडुपि और दक्षिण कन्नड़ जिलों में स्थापित किए गए थे और दिलचस्प बात यह है कि कई प्रबंध निदेशक, जिन्होंने अतीत में कई बैंकों का नेतृत्व किया हैं और वर्तमान में भी कुछ प्रमुख हैं, वे भी कर्नाटक के इसी भाग से हैं.

मंगलूरु अंचल में पदस्थ हर यूनियनाइट, जोशीला एवं कार्य सम्पादन के उच्च मानक प्राप्त करने हेतु कटिबद्ध है और मैं इस टीम का उत्साह वर्धन करते हुए अपना आभार व्यक्त करता हूँ.

- एम वी बालसुब्रमण्यम, मुख्य महाप्रबंधक

क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलूरु की डेस्क से...

बैंक की कॉर्पोरेट पत्रिका 'यूनियन धारा' हमेशा से देश, समाज व जीवन के विविध पक्षों को छूने का प्रयास करती रही है. इसी कड़ी में पत्रिका के जून, 2021 अंक को 'कर्नाटक विशेषांक' के रूप में प्रकाशित किया जाना एक सराहनीय कदम है.

कर्नाटक में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कुल 10 क्षेत्रीय कार्यालय है, जिनमें से 8 क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलूरु अंचल में है. इस अंचल में एक तरफ जहाँ बेंगलूरु जैसा हाइटेक वैश्विक महानगर है, वहीं दूसरी तरफ बेलगावी व कलबुर्गी जैसे कृषि आधारित उद्योगों वाले नगर हैं. कर्नाटक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ न केवल भारत की सभी भाषाओं को जानने वाले वरन विश्व की अधिकांश मुख्य भाषाओं को जानने वाले लोग मिल जाते हैं.

इस अंचल के मैसूरु, हुबली, शिवमोग्गा आदि जिले अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विश्व प्रसिद्ध त्योहारों व जड़ी-बूटियों के लिए जाने जाते हैं तो धारवाड़, बीजापुर, कलबुर्गी आदि नगर अपनी विशिष्ट सामाजिक संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है. कर्नाटक के मडिकेरी, चिकमगलूर, कुर्ग, आगुम्बे जैसे सुरम्य 'हिल स्टेशन' आज भी सैलानियों को आकर्षित करते हैं तो मंगलूरु, उडुपि व कारवार जैसे सुप्रसिद्ध तटीय नगर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ भव्य मंदिरों के लिए पर्यटकों को यहाँ आने पर विवश कर देते हैं. वहीं कोलार गोल्ड फील्ड्स के खंडहर कर्नाटक के स्वर्णिम इतिहास की गाथा गाते हैं.

यूं तो कर्नाटक की प्रमुख भाषा कन्नड़ा है, परंतु दक्षिण कन्नड़ा और उडुपि जिलों की प्रमुख भाषा तुलु है. चूंकि कर्नाटक राज्य की सीमाएं महाराष्ट्र, केरल, गोवा, तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश से मिलती हैं, इसलिए यहाँ मराठी, तेलुगू, मलयालम, कोंकणी आदि भाषाएँ जानने वाले लोग भी बड़ी संख्या में मिलते हैं. कर्नाटक, भारत के उन राज्यों में से एक है, जिनकी लोक नृत्य व संगीत की विरासत प्राचीन इतिहास से जुड़ी हुई है. कर्नाटक साहित्य की विशालता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक कन्नड़ भाषा के सर्वाधिक 8 साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हो चुका है.

कर्नाटक का इतिहास अत्यंत वैभवशाली व गौरवशाली रहा है. यहाँ राजा कृष्णदेव राय और हर्षवर्धन जैसे विश्व प्रसिद्ध शासकों ने शासन किया. विजयनगर साम्राज्य के किले आज भी अपनी विशिष्ट वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं. कर्नाटक अनेक महापुरुषों की तपोभूमि भी रही है. यह राज्य बैंकिंग का गढ़ भी रहा है, जहाँ से भारत के कई बड़े बैंकों ने जन्म लिया और फले फुले. यहाँ यूनियन बैंक की भी अत्यंत प्रभावशाली उपस्थिति है.

कर्नाटक राज्य के यूनियनाइटस सदैव बढ़-चढ़ कर बैंक की प्रगति में अपना योगदान देते रहे हैं. 'यूनियन धारा' के कर्नाटक विशेषांक से स्टाफ सदस्यों में उत्साह व गौरव का माहौल सृजित हुआ है, जो भविष्य में कारोबारी लक्ष्यों की प्राप्ति में अवश्य सहायक होगा.

आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं.

- डी. चंद्रमोहन रेड्डी, महाप्रबंधक

संपादकीय
EDITORIAL

पौराणिक कथाओं से पता चलता है कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम ने कर्नाटक के कोंकण तट का निर्माण किया और तब से इसे परशुराम सृष्टि के नाम से जाना जाता है. यह सृष्टि हरे-भरे और आलीशान पश्चिमी घाटों, सफेद रेतीले समुद्री तटों और मंत्रमुग्ध करने वाले दृश्यों, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थानों तथा भव्य एवं शांत स्थानों से समृद्ध है. इसके साथ ही यह राज्य सुंदर मंदिरों, किलों, ताजे समुद्री भोजन तथा शिक्षा, साहित्य, सामाजिक कार्य, संस्कृति, आतिथ्य, भारतीय बैंकिंग, प्रौद्योगिकी, स्वतंत्रता संघर्ष आदि विभिन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों से संपन्न है. समृद्ध रूप से संपन्न इस राज्य की प्राचीन काल से अरब, चीन, मोरक्को, पुर्तगाली, डच और ब्रिटिश शासकों/ आगंतुकों द्वारा सराहना की गयी है. देवत्व और भारत का तकनीकी केंद्र, इन पूरी तरह से अलग पहलुओं को आप इस राज्य में पाएंगे. आप आकर्षक वास्तुकला, अद्भुत व्यंजन और शानदार लोगों से भी इस राज्य में मिलेंगे. हमने इस अद्भुत राज्य के सभी पहलुओं और सुंदरता को शामिल करने की कोशिश की है लेकिन इस राज्य में इसके अलावा भी आपको बहुत कुछ मिल जाएगा.

यूनियन धारा का यह कर्नाटक विशेषांक हमारे बेंगलूरु और मंगलूरु अंचलाधीन स्टाफ सदस्यों तथा कार्यपालकों के सहयोग और योगदान के बिना संभव नहीं था. हमारे संवाददाता श्री के.के. यादव और श्री जॉन अब्राहम तथा उनकी टीम के साथियों का उत्साह मैं भूल नहीं सकती. उन सबका तहे दिल से शुक्रिया और मेरे संपादकीय बोर्ड के अपरिमेय समर्थन और मार्गदर्शन हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद !

आशा है कि आप यूनियन धारा के माध्यम से कर्नाटक राज्य की इस यात्रा का आनंद लेंगे और अपने सुझाव, प्रतिक्रियाओं से हमें अवगत कराएंगे. मैं आपकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करूँगी और अब आपको कर्नाटक के अनन्वेषित जादुई सौंदर्य की यात्रा पर छोड़ रही हूं.

शुभकामनाओं के साथ,

आपकी,

डॉ. सुलभा कोरे

Mythology reveals that Parashurama, the 6th incarnation of Lord Vishnu, formed the great konkan coast of Karnataka and is ever since known as Parashurama Shrishti. This shristhi is majestically bestowed with lush green and luxuriant western ghats, white sandy beaches and owning mesmerising sight, cultural and historical places and gorgeous and serene spots. Alongwith this the entire state is filled with beautiful temples, forts, fresh sea food and legendary personalities from various fields such as education, literature, social work, culture, hospitality, Indian banking, technology, freedom struggle etc. This state has a rich heritage and has received appreciation from Arab, China, Morocco, Portuguese, Dutch and British rulers/visitor in ancient times. The divine and techno hub of India are two different aspects going hand in hand in this state. You will also witness fascinating architecture, wonderful cuisine and fantastic people. In this edition, we have tried to blend all the aspects and beauty of this marvellous state, but this state has yet much more to explore.

This issue of Union Dhara on Karnataka is not possible without the contribution of our staff members and executives of Bengaluru and Mangalore zones. The enthusiasm of our correspondents Mr. K.K.Yadav and Mr. John Abraham along with their team is. Thanks to one and all and thanks to my editorial board for their unfathomable support and guidance.

Hope you enjoy this journey of Karnataka state through Union Dhara and will come out with your suggestions and appreciation also. I will be waiting for your feedback and will leave you to explore this journey of the magical state of Karnataka.

with best wishes,

Yours truly,

Dr. Sulabha Kore

कन्नड़ भाषा के ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता

कन्नड़ भारत के कर्नाटक राज्य की राज्य भाषा तथा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से एक है. भारत में सबसे अधिक प्रयोग की जाने वाली भाषाओं में से एक कन्नड़ भाषा का लगभग 4.5 करोड़ से अधिक लोग प्रयोग करते हैं. विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं की सूची में कन्नड़ भाषा का स्थान 27वां है. भारत सरकार ने कन्नड़ भाषा को भारत की शास्त्रीय भाषा (क्लासिकल लैंगवेज) का दर्जा भी दिया है.

साहित्यिक या सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए ऐसे कार्यों को जो राष्ट्रीय गौरव तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिमानों के अनुरूप हो, को पुरस्कृत करने हेतु 16 सितंबर, 1961 को भारतीय ज्ञानपीठ न्यास की संस्थापक व अध्यक्ष श्रीमती रमा जैन ने एक गोष्ठी में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार का प्रस्ताव रखा. 02 अप्रैल, 1962 को दिल्ली में भारतीय ज्ञानपीठ और टाइम्स ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में देश की सभी भाषाओं के 300 मूर्धन्य विद्वानों ने एक गोष्ठी में इस विषय पर विचार किया. इस गोष्ठी के प्रथम दो सत्रों की अध्यक्षता डॉ. वी. राघवन और श्री भगवती चरण वर्मा तथा इसका संचालन डॉ. धर्मवीर भारती ने किया. इस गोष्ठी में काका कालेलकर, हरेकृष्ण मेहताब, निसीम इजेकिल, डॉ. सुनीति कुमार चैटर्जी, डॉ. मुल्कराज आनंद, सुरेंद्र मोहंती, देवेश दास, सियारामशरण गुप्त, रामधारी सिंह 'दिनकर', उदयशंकर भट्ट, जगदीशचंद्र माथुर, डॉ. नागेन्द्र, डॉ. बी.आर.बेंद्रे, जैनेंद्र कुमार, मन्मथनाथ गुप्त, लक्ष्मीचंद्र जैन आदि प्रख्यात विद्वानों ने भाग लिया. इस पुरस्कार के स्वरूप का निर्धारण करने के लिए समय-समय पर गोष्ठियाँ होती रहीं. अंततः, वर्ष 1965 में पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार का निर्णय लिया गया. इस पुरस्कार के अंतर्गत 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है.

भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला यह सर्वोच्च पुरस्कार है. भारत का कोई भी नागरिक जो आठवीं अनुसूची की किसी भी भाषा में लिखता हो, इस पुरस्कार के योग्य है. प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार सन 1965 में मलयालम लेखक जी. शंकर कुरुप को प्रदान किया गया था. उसके बाद सन 1966 में ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु बांग्ला लेखक ताराशंकर बंधोपाध्याय का चयन हुआ. तदनंतर 1967 में कन्नड़ लेखक कुपल्ली वेंकटप्पागौड़ा पुटप्पा 'कुवेम्पु' को इस पुरस्कार से नवाजा गया. कन्नड़ भाषा के साहित्यकारों को अब तक कुल 8 ज्ञानपीठ पुरस्कार मिल चुके हैं, जोकि किसी भी भारतीय भाषा में सर्वोच्च है. साहित्यकारों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

1. **कुपल्ली वेंकटप्पा गौड़ा पुटप्पा:** कुपल्ली वेंकटप्पागौड़ा पुटप्पा (1904-1994) को 20वीं शताब्दी के महानतम कन्नड़ कवि की उपाधि दी जाती है. ये कन्नड़ भाषा में ज्ञानपीठ सम्मान पाने वाले प्रथम व्यक्ति हैं. पुटप्पा ने अपने समस्त साहित्यिक कार्य उपनाम 'कुवेम्पु' से किये हैं. उनको साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में सन 1958 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था. इनके द्वारा रचित महाकाव्य श्रीरामायण दर्शनम् के लिये उन्हें सन् 1955 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया.



2. **दत्तात्रेय रामचंद्र बेन्द्रे:** दत्तात्रेय रामचंद्र बेन्द्रे (1896-1981) द्वारा रचित कविता संग्रह 'अरलु-मरलु' के लिये उन्हें सन 1958 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था तथा सन 1973 में समग्र साहित्यिक योगदान हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

3. **कोटा शिवराम कारन्त:** कोटा शिवराम कारन्त (1902-1997) कन्नड़ भाषा में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले तीसरे साहित्यकार हैं. ये लेखक, यक्षगान कलाकार व फिल्मों के निर्देशक भी थे. इनके द्वारा रचित लोक नाट्य 'विवेचन यक्षगान' के लिये उन्हें सन 1959 में साहित्य अकादमी पुरस्कार 'कन्नड़ा' से भी सम्मानित किया गया.

4. **मास्ती वेंकटेश अयंगार:** मास्ती वेंकटेश अयंगार (1891-1986) ज्ञानपीठ साहित्य सम्मान पाने वाले कर्नाटक के चौथे लेखक थे. 'चिक्कवीरा राजेंद्र' नामक कथा के लिये उनको सन 1983 में ज्ञानपीठ पंचाट से सम्मानित किया गया था. मास्ती जी ने कुल मिलाकर 137 पुस्तकें लिखीं जिसमें से 120 कन्नड़ भाषा में तथा शेष अंग्रेज़ी में थी. वे अपनी लघु कहानियों के लिये काफी लोकप्रिय थे. वे अपनी रचनाओं को 'श्रीनिवास' उपनाम से लिखते थे. उन्हें प्यार से 'मास्ती कन्नड़ादा आस्ती' कहा जाता था, क्योंकि उनको कर्नाटक का अनमोल रत्न माना जाता था.

5. **विनायक कृष्ण गोकाक:** विनायक कृष्ण गोकाक (1909-1992) ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता के पांचवें कन्नड़ा लेखक हैं. उनकी सबसे विख्यात कृति 'भारत सिन्धु रश्मि' है. इनके द्वारा रचित एक कविता संग्रह 'द्यावा पृथ्वी' के लिये उन्हें सन 1960 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (कन्नड़ा) से भी सम्मानित किया गया.

6. **उडुपी राजगोपालाचार्य अनंतमूर्ति:** उडुपी राजगोपालाचार्य अनंतमूर्ति (1962-2014) समकालीन कन्नड़ साहित्यकार, आलोचक और शिक्षाविद् थे. इन्हें कन्नड़ साहित्य के नव्या आंदोलन का प्रणेता माना जाता है. इनकी सबसे प्रसिद्ध रचना 'संस्कार' है. वे ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छठे कन्नड़ साहित्यकार हैं. साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सन 1998 में भारत सरकार द्वारा इन्हें पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था. वर्ष 2013 के मैन बुकर पुरस्कार से भी इन्हें सम्मानित किया गया.

7. **गिरीश कार्नाड:** गिरीश कार्नाड (1938-2019) भारत के जाने माने लेखक, अभिनेता, फ़िल्म निर्देशक और नाटककार हैं. कन्नड़ा और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इनकी लेखनी समानाधिकार से चलती थी. सन 1998 में ज्ञानपीठ पुरस्कार सहित पद्मश्री व पद्मभूषण जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के विजेता कार्नाड द्वारा रचित तुगलक, हयवदन, तलेदंड, नागमंडल व ययाति जैसे नाटक अत्यंत लोकप्रिय हुये और भारत की अनेक भाषाओं में इनका अनुवाद व मंचन हुआ.

8. **चंद्रशेखर कंबार:** चंद्रशेखर कंबार (1937) कन्नड़ भाषा के कवि, नाटककार एवं लोक साहित्यकार हैं. उन्होंने कन्नड़ भाषा में फिल्मों का निर्देशन भी किया है और वे हम्पी में कन्नड़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति भी रहे हैं. उनके उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान के लिए वर्ष 2010 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया. कन्नड़ भाषा के साहित्यकारों में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वालों में चंद्रशेखर कंबार का नाम अंतिम है. इनके बाद किसी ने अभी तक कन्नड़ भाषा में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है. इनके द्वारा रचित नाटक 'सिरिसंपिगे' के लिये उन्हें सन 1991 में साहित्य अकादमी पुरस्कार 'कन्नड़' से सम्मानित किया गया.

कर्नाटक राज्य की भाषा कन्नड़ दक्षिण भारत की लोकप्रिय भाषाओं में से एक है. कन्नड़ भाषा के साहित्यकारों की रचनाएँ आज पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहीं है.

- सुनील कुमार यादव
क्षे. म. प्र. का., बेंगलूरु

यह कर्नाटक बेमिसाल है

धरा यह कर्नाटक की, ऐतिहासिक बेमिसाल है.
कर्त्तव्यनिष्ठा मातृभूमि की, धरती यह कमाल है.
विजयनगर की स्थापना, काल वह 1336 साल है.
हरिहर, बुक्का राय के, पराक्रम का धमाल है.
पूरे भारत में आज भी कर्नाटक हिन्द का नाज है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

कृष्णा, कावेरी, तुंगभद्रा की गोद में पला.
कई युद्धों को साधकर अग्नि में जला.
था वह टीपू सुल्तान, जो अंग्रेजों से लड़ा.
कर्नाटक अपने पराक्रम से सदा है खड़ा.
कृष्णदेव राय की ताकत, कोई नहीं सवाल है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

शिल्पकला से परिपूर्ण मंदिरों का आकर्षण.
पहाड़ियों की शृंखला, प्रकृति का प्रदर्शन.
संरक्षित उद्यान, वन संपदा और पर्यावरण.
संरक्षित स्मारकें, गौरव का यह हर क्षण.
पग पखारे सागर, सौंदर्य भी विशाल है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

चंदन की खुशबू, मैसूर का प्रांगण.
विश्वेश्वरैया बांध एवं पार्क वृंदावन.
चामूण्डा धाम एवं वन्नेरघट्टा अभयारण्य.
नगर बेंगलुरु दिल में छा जाए जन-जन.
कांजीवरम् की चर्चा, पूरा देश मालो-माल है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

गुरु बसवेश्वर महाराज का आशीर्वचन.
बढ़ रहा कर्नाटका कदम हर कदम.
सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र, पूरे विश्व की नजर.
उद्योगों का जाल खुशहाल जन-जीवन.
यक्षगान का नृत्य, ठुमुक-ठुमुक चाल है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

मैसूर पाक का स्वाद, लगे अति मनभावन.
आलुगेड्डा, नीर डोसा, केला चिप्स सुहावन.
हालवाई, रागी चावल, सांभर लगे लुभावन.
मौसम लगे अति प्यारा, ज्येष्ठ हो या सावन.
बेंगलुरु का मजेस्टिक, हर दिल का सरताज है.
यह कर्नाटक बेमिसाल है.

- डॉ. विजय कुमार पाण्डेय
क्षे. का., पटना

नयी सोच

कहने को तो सब राजी है,
पर मन की कर लें तो हम बाग़ी हैं.
सब चाहे दिखावे के शिष्टाचार,
पर दक़ियानूसी रिवाजों से करें परहेज
तो इनके लिए हैं हम बेकार.
कब जाने समझेंगे ये सब छोटी सी बात,
कि अब आ गया है जमाना हमारा,
छोड़ो तौर तरीके पुराने और
अपनाओ नए विचार,
मानते है आपके पास है अनुभव,
क्यों होते हो नाराज़.
हम है कल की नयी किरण,
कर लो थोड़ा हम पर भी विश्वास
अंग्रेजी कपड़ों के पीछे भी
हिन्दुस्तानी ही है दिल हमारा
हम युवा हैं युवा इस देश के भविष्य
की एक दस्तक.
अंदाज भले ही हो अलग पर,
हम भी चाहें पहुंचाना भारत को
ऐसे मुकाम पर,
कि सारी दुनिया हो तिरंगे के
सामने नतमस्तक.

- दीप्ति दास
क्षे का पुणे (पश्चिम)

आज रुक गया है इंसान

आज रुक गया है इंसान,
थम गया है यह जहां
जीवन चार दीवारी में ठहर गया है
अब यहाँ सूनी पड़ी है राहें
और आशियाने बन गए हैं मंज़िलें
मीट जाएंगे अब अपनों के सब शिकवे-गिले
बहुत कुछ बदलना है अब यहाँ
पर अभी भी कुछ है जो नहीं ठहरा है यहाँ
और शायद इससे पहले हमने
ये महसूस भी नहीं किया
जो दबी हुई थी दुनिया के शोरगूल में,
मूक थी अब तक
जिंदगी की कशमकश में,
अनसुना कर दिया था जिसे हमने
प्रकृति की आहट, जिसका
वजूद भूल गए थे हम
नदियों की कलकल,
ये पक्षियों का कलरव,
जो अब उन्मुक्त है स्वछन्द उड़ान के लिए
विचरण करते ये निरीह जीव
जो अब आज़ाद है मनुष्य की कैद से
लगता है कुछ कहना चाहती है
हमसे यह प्रकृति
नहीं था जो मुमकिन अब तक
मानवता को उस सपने की एक झलक
दिखलाना चाहती है
एक आस में कि संभल जाएगा इंसान
और चलेगा तबदीली की राह पर,
इस बदले मिजाज का आईना दिखाना चाहती है
इस कलयुग की बुराइयों का खात्मा कर
एक नए युग का सृजन करना चाहती है
कुदरत की अब है ये पुकार
हम इस झलक को रखें बरकरार
तभी होगा ये सपना साकार।

- मनोज चारण
मेहतपुर शाखा, जालंधर

तुम बहुत याद आते हो

सुनो, तुम बहुत याद आते हो
सुबह से शाम, शाम से फिर सुबह
तुम बहुत याद आते हो

जब अकेले बैठती हूँ,
खुद से बातें करती हूँ
अपनी उधेडबुन से जूझती हूँ
न होती आहटें सुनती हूँ,
दरवाजे की चिटकनी खोल देखती हूँ
किसी को न आया देख झूंझलाती हूं
सुनो, तुम बहुत याद याद आते हो..

चाय की महक अब अच्छी नहीं लगती
उजले पूरे चाँद को अब आँखे नहीं ताकती
बारिश में मन गीला होता है पर
हथेली पर बूंदे अब नहीं रुकती
खिली चमकती धूप में सुनो,
तुम बहुत याद आते हो..

ढूढ़ती हूँ तुम्हें, फूलों की नरमी में
महसूस होते हो तुम, हाथों की गरमी में
आती जाती सांसे तुम्हें खोजती हैं
धड़कने तुम्हें चिठ्ठियां भेजती हैं
पता है कि जवाब नहीं आयेगा फ़िर भी
सुनो, तुम बहुत याद आते हो।।

- कविता श्रीवास्तव
क्षे. म. प्र. का., जयपुर

Dear You

I know you are told, you'r fixer, a binder,
Of husband, of childrens, of families.
I know you are told,
to carry shame in your bodies, in your priorities
To put everyone's happiness before yours.
I know your scar never fade
But funnily are never seen too!!
I know how they treat you. Like Just a Woman
Shamed for your Emotions,
Questioned for your clothes,
Ridiculed for your dreams!!
I know you don't bleed once in a month
But your whole Life ! Fighting for your place.
Dear you, the sister I never had,
the mother I adore and the
Daughter I would do anything for.
You are amazing! You are more than your body.
That Father like uncle,
brother like cousin or that supposed
friend, might have violated your peace.
But remember it's not your fault. It's them
It isn't your Smile, it isn't your friendliness.
It's always them.
Don't loose your light for them cause
this world need your shine.
You are not victim but a Survivor.
Hoping to a future where our greatest
achievement isn't
Motherhood but whatever we choose,
where our place in
History isn't about our struggles but
achievements,
Until then keep being you.
You have come so far.
And I'm so proud of you.

- B Alekhya
Sundar Nagar Branch,
RO Punjagutta Hyderabad

वक्त की ही बात है

लगी ठेस तो पूछे लोग,
हर कोई मुझे टोक गया।
सोचा जवाब दे दूं उन्हें,
पर कमबख्त वक्त रोक गया।

तेरे जख्मों को कोई
और देख नहीं पायेगा।
बना हथियार इन्हें और आगे बढ़ जा,
फिर तुझे कोई रोक नहीं पायेगा।

सच्चाई की रौशनी में
काला सूरज डूब जाएगा।
दुनिया देखेगी,
मेरा सितारा फिर छाएगा।

ऐ वक्त सुना है तू ठहरता नहीं,
तुझे ये दिखाना है।
अपने हौसलों की रफ्तार से,
तुझे भी पीछे छोड़ जाना है।

बहुत हुआ अब उठ और बिना पंख
वालों को भी उड़ना सिखा दे।
खुद वक्त बना दे मिसाल तुझे,
कुछ ऐसा करके दिखा दे।

- ईश कुमार
क्षे. का., बेंगलूरु (उत्तर)

कर्नाटक राज्य का गीत 'जय भारत जननिय तनुजाते'

'जय भारत जननिय तनुजाते' कन्नड़ भाषा के महान साहित्यकार, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता व राष्ट्र कवि कुप्पल्लि वेंकटप्पा पुट्टप्पा 'कुवेंपु' द्वारा रचित कविता है. यह गीत लंबे समय तक कर्नाटक का अनौपचारिक राज्य गीत था. आधिकारिक रूप से यह कविता वर्ष 2004 में कर्नाटक राज्य के 'राज्य गीत' के रूप में स्वीकार की गयी. यहाँ इस कविता का हिन्दी रूपांतरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है.

कन्नड़ संस्करण	लिप्यंतरण	भावानुवाद
ಜಯ ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ, ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ! ಜಯ ಸುಂದರ ನದಿ ವನಗಳ ನಾಡೇ, ಜಯ ಹೇ ರಸಋಷಿಗಳ ಬೀಡೆ!	जय भारत जननिय तनुजाते, जय हे कर्नाटक माते ! जय सुंदर नदि वनगल नाडे, जय हे रसऋषिगल बीडे !	जय भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता ! जय सुंदर नदी वनों की धरा, जय हे गुणी ऋषियों का बसेरा !
ಭೂದೇವಿಯ ಮಕುಟದ ನವಮಣಿಯೆ, ಗಂಧದ ಚಂದದ ಹೊನ್ನಿನ ಗಣಿಯೆ; ರಾಘವ ಮಧುಸೂಧನರವತರಿಸಿದ ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ ! ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ!	भूदेवीय मकुटद नवमणिये, गंधद चंदद होन्निन गणिये; राघव मधुसूधनवतरिसिद भारत जननिय तनुजाते ! जय हे कर्नाटक माते !	भूदेवी के मुकुट की नवमणी, चंदन व सोने की सुंदर संपदा, जहां राम और कृष्ण ने अवतार लिया उस भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता !
ಜನನಿಯ ಜೋಗುಳ ವೇದದ ಘೋಷ, ಜನನಿಗೆ ಜೀವಮ ನೆನ್ನಾವೇಶ! ಹಸುರಿನ ಗಿರಿಗಳ ಸಾಲೇ, ನೆನ್ನಯ ಕೊರಳಿನ ಮಾಲೆ! ಕಪಿಲ ಪತಂಜಲ ಗೌತಮ ಜಿನನುತ, ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ! ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ!	जननिय जोगुल वेदद घोष, जननिगे जीववु निन्नावेश ! हसुरिन गिरिगल साले, निन्नय कोरलिन माले ! कपिल पतंजल गौतम जिननुत, भारत जननिय तनुजाते ! जय हे कर्नाटक माते !	जहां माता की लोरी वेदघोष हो, जहां सपूतों का धैर्य मातृभूमि की शान हो! हरित पहाड़ियों की शृंखला जो गले का हार हो! जहां कपिल, पतंजलि, गौतम, महावीर जन्में, उस भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता !
ಶಂಕರ ರಾಮಾನುಜ ವಿದ್ಯಾರಣ್ಯ, ಬಸವೇಶ್ವರ ಮಧ್ವರ ದಿವ್ಯಾರಣ್ಯ! ರನ್ನ ಷಡಕ್ಷರಿ ಪೊನ್ನ, ಪಂಪ ಲಕುಮಿಪತಿ ಜನ್ನ! ಕುಮಾರವ್ಯಾಸರ ಮಂಗಳಧಾಮ! ಕವಿಕೋಗಿಲೆಗಳ ಪುಣ್ಯಾರಾಮ! ನಾನಕ ರಮಾನಂದ ಕಬೀರರ, ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ! ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ!	शंकर रामानुज विद्यारण्य, बसवेश्वर मध्वर दिव्यारण्य ! रन्न षडक्षरी पोन्न, पंप लकुमिपति जन्न ! कुमारव्यासर मंगलधाम ! कविकोगिलेगल पुण्याराम ! नानक, रमानंद कबीरर, भारत जननिय तनुजाते ! जय हे कर्नाटक माते !	शंकर, रामानुज, विद्यारण्य, बसवेश्वर, मध्व की दिव्य भूमि! कवि रन्न, षडक्षरी, पोन्न, पंप, लकुमिपति, जन्न की धरा! कवि कुमारव्यास का मंगल-धाम! जहां कोयल रूपी कवियों ने, धरती को धन्य किया! नानक, रमानंद, कबीर की धरती, उस भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता !
ತೈಲಪ ಹೊಯ್ಸಳರಾಳಿದ ನಾಡೆ, ಡಂಕಣ ಜಕಣರ ನೆಚ್ಚಿನ ಬೀಡೆ! ಕೃಷ್ಣ ಶರಾವತಿ ತುಂಗಾ, ಕಾವೇರಿಯ ವರ ರಂಗ, ಚೈತನ್ಯ ಪರಮಹಂಸ ವಿವೇಕರ ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ! ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ!	तैलप होय्सलरालिद नाडे, डंकण जकणर नेच्चिन बीडे ! कृष्ण शरावति तुंगा, कावेरिय वर रंग, चैतन्य परमहंस विवेकर भारत जननिय तनुजाते ! जय हे कर्नाटक माते !	जहां तैलप, होय्सलों ने साम्राज्य किया, शिल्पकार डंकण, जकण की प्रियभूमि! कृष्ण, शरावति, तुंगा, कावेरी का जिसे वरदान मिला, चैतन्य, परमहंस, विवेकानंद की धरती, उस भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता !
ಸರ್ವಜನಾಂಗದ ಶಾಂತಿಯ ತೋಟ, ರಸಿಕರ ಕಂಗಳ ಸೆಳೆಯುವ ನೋಟ! ಹಿಂದೂ ಕ್ರೈಸ್ತ ಮುಸಲ್ಮಾನ, ಪಾರಸಿಕ ಜೈನರುದ್ಯಾನ ಜನಕನ ಹೊಲುವ ದೊರೆಗಳ ಧಾಮ, ಗಾಯಕ ವೈಣಿಕರಾರಾಮ.	सर्वजनांगद शांतिय तोट, रसिकर कंगल सेलेयुव नोट! हिंदू क्रैस्त मुसल्मान, पारसिक जैनरुद्यान जनकन होलुव दोरेगल धाम, गायक वैणिकरारामा.	सभी संप्रदायों का शांति वन, धरती जिसने कलाप्रेमी को किया आकर्षित! हिंदू, किश्चियन, मुसल्मान, पारसी, जैनों का गुलिस्ताँ! जनक-से राजाओं का धाम! गायक और संगीतकारों की धरती!
ಕನ್ನಡ ನುಡಿ ಕುಣಿದಾಡುವ ಗೇಹ! ಕನ್ನಡ ತಾಯಿಯ ಮಕ್ಕಳ ದೇಹ! ಭಾರತ ಜನನಿಯ ತನುಜಾತೆ, ಜಯ ಹೇ ಕರ್ನಾಟಕ ಮಾತೆ! ಜಯ ಸುಂದರ ನದಿ ವನಗಳ ನಾಡೆ, ಜಯ ಹೇ ರಸಋಷಿಗಳ ಬೀಡೆ!	कन्नड नुडि कुणिदाडुव गेह ! कन्नड तायिय मक्कल देह ! भारत जननिय तनुजाते, जय हे कर्नाटक माते ! जय सुंदर नदी वनगल नाडे, जय हे रसऋषिगल बीडे !	कन्नड़ बोली थिरकती ऐसे घर में ! जो है कन्नड़ माता की संतानों के देह! भारत माँ की सुपुत्री, जय हे कर्नाटक माता ! जय सुंदर नदी वनों की भूमि, जय हे गुणी ऋषियों की धरा !

- टी. नंजुंडप्पा
क्षे. का., बेंगलूरु (दक्षिण)

कर्नाटक की नदियाँ

नदियाँ सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा होती हैं. जहाँ से भी गुजरती हैं वहाँ के तटीय इलाक़ों को संपन्न करती जाती हैं. भारत में नदियों को पवित्रता का प्रतीक माना जाता है. इसीलिए भारत के अधिकतम पवित्र स्थल नदी तटों पर ही स्थित है. गंगा, यमुना, महानदी, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियों के तट पर विश्व प्रसिद्ध अनेक तीर्थस्थल मौजूद हैं. भारत की कुछ नदियाँ दूसरे देश में भी प्रवाहित होती हैं तो कुछ दूसरे देश से भारत में प्रवाहित होती हैं. कर्नाटक भारत का एक ऐसा ही राज्य है जो नदियों व प्राकृतिक संपदा से संपन्न है. यहाँ हम कर्नाटक राज्य में प्रवाहित होने वाली नदियों की चर्चा करेंगे.

कावेरी नदी कर्नाटक की सबसे महत्वपूर्ण नदी है. यह कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकवेरी से निकलती है. इस नदी के कुल आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान इसमें कई अन्य नदियाँ आकर मिलती हैं. कावेरी का समागम तमिलनाडु के तंजावुर जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है. कावेरी नदी के तट पर श्रीरंगपट्टनम एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल स्थित है.

लगभग तेरह सौ कि.मी. वाली **कृष्णा नदी** भारत की एक महत्वपूर्ण नदी है. इसे कृष्णवेणी के नाम से भी जाना जाता है. इसका उद्गम महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में है. यह नदी महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश से होकर बहती है.

तुंगभद्रा नदी कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश में बहने वाली एक महत्वपूर्ण नदी है. रामायण में भी तुंगभद्रा का जिक्र पंपा नाम से है. कर्नाटक के मैसूर में स्थित तुंग और भद्र नामक पर्वतों से निकलने वाली दो धाराओं से मिलकर तुंगभद्रा नदी की धारा बनती है. इसके उद्गम का स्थान गंगमूल कहलाता है. यह नदी दक्षिण की एक महत्वपूर्ण नदी है. पश्चिम घाट से निकल यह रायपुर के निकट कृष्णा नदी में मिलती है. महाभारत में इसे 'तुंगवेणा' कहा गया है.

कृष्णा नदी की सहायक **भीमा नदी** महाराष्ट्र व कर्नाटक में बहती है. यह नदी भारत की भीमरथी नाम से भी जानी जाती है. इसका उद्गम पश्चिमी घाट के भीमाशंकर पर्वत श्रेणी से होता है. यहाँ यह चाँद के आकार में मुड़ती है अत: वहाँ इसे 'चंद्रभागा' भी कहते हैं.

काली नदी का उद्गम स्थान पश्चिम घाट में है. यह पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हुई कारवार जिले के निकट अरब सागर में मिल जाती है. इस नदी के सहारे कई लोग अपना जीवन यापन करते हैं. बिजली उत्पादन के लिए इस नदी पर बांध भी बना है.

शरावती नदी का प्रवाह पश्चिम की ओर होता है. इस नदी का उद्गम व समापन कर्नाटक में ही होता है. इस नदी पर स्थित जोग फॉल्स भारत का सबसे ऊँचा वॉटर फॉल है. इसका पानी 253 फिट की ऊँचाई से गिरता है. सुंदरता में यह अमेरिका के नायगरा फ़ॉल्स को टक्कर देता है.

पलार नदी का उद्गम बेंगलूरु के पास चिक्काबल्लापुर जिले के नंदी हिल्स से होता है. यह नदी मात्र 93 किलोमीटर ही कर्नाटक में प्रवाहित होती है. इसके बाद यह आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से होते हुए बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है. इसकी लम्बाई 295 किलोमीटर है.

चिकमंगलूरु जिले के कुद्रेमुख स्थान के येलानीरू घाट से **नेत्रावती नदी** निकलती है. प्रसिद्ध धर्मस्थल मंदिर इसी नदी के तट पर स्थित है. इसे भारत की पवित्र नदी के रूप में मान्यता मिली है. यह नदी अरब सागर में मिलने के पूर्व कुमारधारा नदी में मिल जाती है.

कुमारधारा नदी दो नदियों क्रमश: नेत्रावती व उप्पीनंगड़ी के मिलन से बनती है. यह नदी अरब सागर में मिलती है. कूक्के सुब्रमन्या मंदिर इसी नदी के तट पर स्थित है. भक्तों को इस मंदिर में दर्शन से पूर्व कुमारधारा नदी में पवित्र स्नान करना होता है.

घटप्रभा नदी कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है. यह नदी महाराष्ट्र और कर्नाटक में बहती है. महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में इसका उद्गम होता है. मलप्रभा नदी कृष्णा नदी की ही एक सहायक नदी है, जो कर्नाटक राज्य में बहती है. बेलगाम जिले के पश्चिम घाट में इसका उद्गम होता है. इस नदी पर मलप्रभा बांध भी बना है. इस बांध द्वारा बेलगाव, धारवाड़ और बागलकोट जिलों में पीने के पानी की आपूर्ति होती है.

कपिला नदी कावेरी की सहायक नदी है. इसका उद्गम स्थान पश्चिम घाट पर्वत पर उत्तरी विनाद में है. कपिला कावेरी संगम पर परतिरुमकुला नरसीपुर नामक तीर्थस्थल है.

मांडवी नदी जिसे मंडोवी महादयी तथा गोमती नदी के नाम से भी जाना जाता है, अरब सागर में मिलने से पूर्व यह 29 किलोमीटर कर्नाटक में और 52 किलोमीटर गोवा राज्य से होकर बहती है. इस नदी को 'गोवा की जीवन रेखा' भी माना जाता है.

पेन्ना नदी कर्नाटक के नन्ददुर्ग पहाड़ी से निकलकर पूर्व की ओर 970 किलोमीटर बहकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है.

शांभवी नदी का उद्गम चिकमंगलुरु जिले में स्थित कुद्रेमुख से होता है. अरब सागर में मिलने से पूर्व यह मुल्की में नंदी नदी के साथ मिल जाती है.

अर्कावती नदी चिक्काबलपुरा जिले में स्थित नंदी पहाड़ियों से निकलती है. यह कावेरी की एक सहायक नदी है. इस नदी का पानी बेंगलूरु शहर में पीने के लिए प्रयोग होता है.

ये वे महत्वपूर्ण नदियाँ हैं जो कर्नाटक राज्य को महत्वपूर्ण, सुंदर, संपन्न व दर्शनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं. इन नदियों के किनारे अनेकों तीर्थस्थल, झील-झरने व बाँध स्थित है, जहाँ देश विदेश से पर्यटक व श्रद्धालु आकर आनंद के सागर में गोते लगते हैं.

- सुरेश जी. डी.
क्षेका, बेंगलूरु (दक्षिण)

कर्नाटक : एक यात्रा

कर्नाटक या कर्णाटक, दक्षिण भारत का एक प्रमुख राज्य है. इस राज्य का गठन 01 नवंबर, 1956 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अधीन हुआ था. पहले यह मैसूर राज्य कहलाता था. वर्ष 1973 में इसका नाम कर्नाटक कर दिया गया. इसकी सीमाएं पश्चिम में अरब सागर, उत्तर पश्चिम में गोआ, उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व में आंध्र प्रदेश, दक्षिण-पूर्व में तमिलनाडु एवं दक्षिण में केरल से जुड़ी हुई हैं. इसका कुल क्षेत्रफल 74122 वर्ग मील (1,91,976 वर्ग कि.मी.) है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 5.83% है. कुल 21 जिलों वाला यह राज्य भारत का 8वां सबसे बड़ा राज्य है. कर्नाटक की आधिकारिक और सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कन्नड़ है.

कर्नाटक का बड़ा इतिहास है जिसने समय के साथ अनेक करवटें बदली हैं. राज्य का इतिहास प्रागैतिहास पाषाण युग तक जाता है तथा इसने कई युगों का विकास देखा है. राज्य में मध्य एवं नव पाषाण युगों के साक्ष्य भी पाये गए हैं. हड़प्पा में खोजा गया स्वर्ण कर्नाटक की खानों से निकला था, जिसने इतिहासकारों को 3000 ई.पू. के कर्नाटक और सिंधु घाटी सभ्यता के बीच संबंध खोजने पर विवश किया. तृतीय शताब्दी ई.पू. से पहले अधिकांश कर्नाटक राज्य मौर्य वंश के सम्राट अशोक के अधीन आने से पूर्व नंद वंश के अधीन रहे. सातवाहन वंश को शासन की चार शताब्दियां मिली जिनमें उन्होंने कर्नाटक के बड़े भूभाग पर शासन किया. सातवाहनों के शासन के पतन के साथ ही स्थानीय शासकों, कदंब वंश एवं पश्चिम गंग वंश का उदय हुआ. इसके साथ ही क्षेत्र में स्वतंत्र राजनैतिक शक्तियां अस्तित्त्व में आयीं. कदंब वंश की स्थापना मयूर शर्मा ने 345 ई. में की और अपनी राजधानी बनवासी में बनायी. पश्चिम गंग वंश की स्थापना कोंगणिवर्मन माधव ने 350 ई में किया और अपनी राजधानी तालकाड़ को बनाया.

हाल्मिदी शिलालेख एवं बनवसी में मिले 5वीं शताब्दी की ताम्र मुद्रा के अनुसार इस राज्य प्रशासन ने कन्नड़ भाषा का प्रयोग शुरू किया. इन राजवंशों के उपरांत शाही कन्नड़ साम्राज्य, बादामी चालुक्य वंश, मान्यखेत के राष्ट्रकूट और पश्चिमी चालुक्य वंश आये, जिन्होंने दक्खिन के बड़े भाग पर शासन किया और अपनी राजधानियां वर्तमान कर्नाटक राज्य में बनायीं. पश्चिमी चालुक्यों ने एक अनोखी चालुक्य स्थापत्य शैली भी विकसित की. इसके साथ ही उन्होंने कन्नड़ साहित्य का भी विकास किया, जो आगे चलकर 12वीं शताब्दी में होयसाल वंश के कला व साहित्य योगदानों का आधार बना.

आधुनिक कर्नाटक के अधिकांश भागों पर वर्ष 990-1210 ई. के बीच चोल वंश का शासन रहा. चालुक्य शासक जयसिंह को युद्ध में हराने के पश्चात राजेन्द्र चोल ने तुंगभद्रा नदी के दोनों राज्यों के बीच की सीमा तय की थी. महाराजाधिराज चोल प्रथम (1042-1056) के शासन काल में दन्नड़, कुल्पाक, कोप्पम, काम्पिल्य दुर्ग, पुण्डूर, येतिगिरि एवं चालुक्य राजधानी कल्याणी भी जीत ली गई थी. वर्ष 1053 में राजेन्द्र चोल II द्वारा चालुक्यों को युद्ध में हराने के उपरांत अपनी राजधानी गंगाकोंडचोलपुरम वापस पहुंचने से पूर्व वहां एक विजय स्मारक स्तंभ बनवाया जो आज भी मौजूद है. वर्ष 1066 में पश्चिमी चालुक्य सोमेश्वर की सेना चोल शासक वीर राजेन्द्र से हार गयीं. इसके बाद उसी ने दोबारा पश्चिमी चालुक्य सेना को कुडालसंगम पर मात दी और तुंगभद्रा नदी के तट पर एक विजय स्मारक की स्थापना की. वर्ष 1116 ई. विष्णुवर्धन के नेतृत्व में होयसलों ने चोल साम्राज्य से गंगवाड़ी को जीत लिया था.

प्रथम सहस्राब्दी के आरंभ में होयसला वंश का क्षेत्र में पुनरोद्भव हुआ. इसी समय होयसला साहित्य के सृजन के साथ अनुपम कन्नड़ा संगीत व होयसला स्थापत्य शैली के मंदिर बनें. होयसला साम्राज्य ने अपने शासन के विस्तार के तहत आधुनिक आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ भागों का विलय कर दिया था. 14 वीं शताब्दी के आरंभ में हरिहर और बुक्का राय ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की एवं वर्तमान बेल्लारी जिले में तुंगभद्रा नदी के तट होसनपट्ट (बाद में विजयनगर) में अपनी राजधानी बसायी. इस साम्राज्य ने अगली दो शताब्दियों तक मुस्लिम शासकों को दक्षिण भारत में आगे बढ़ने पर रोक लगाये रखी.

वर्ष 1565 ई.में सम्पूर्ण दक्षिण भारत ने एक बड़ा राजनैतिक बदलाव देखा, जिसमें तालिकोटा युद्ध में हार के बाद विजयनगर साम्राज्य इस्लामी सल्तनतों के अधीन हो गया. बीदर के बहमनी सुल्तान की मृत्यु के उपरांत बीजापुर सल्तनत ने जल्दी ही दक्खिन पर अधिकार कर लिया और 17वीं शताब्दी के अंत में मुगल साम्राज्य से हारने तक इसे बनाये रखा. बहमनी और बीजापुर के शासकों ने उर्दू एवं फारसी साहित्य तथा भारतीय पुनरोद्धार स्थापत्य कला (इण्डो-सैरेसिनिक) को बढ़ावा दिया. इस शैली का प्रधान उदाहरण गोल गुम्बज है. पुर्तगाली शासन द्वारा भारी कर वसूली, खाद्य आपूर्ति में कमी एवं महामारियों के कारण 17वीं शताब्दी में कोंकणी हिन्दू मुख्यत: गोवा से विस्थापित होकर कर्नाटक में आ गए. लगभग इसी काल में बारदेज़ गोवा से विस्थापित होकर मंगलौरियाई कैथोलिक ईसाई दक्षिण कन्नड़ा में आकर बस गये.

भूगोल: कर्नाटक राज्य में तीन प्रधान मंडल यथा तटीय क्षेत्र करावली, पहाड़ी क्षेत्र मालेनाडु (पश्चिमी घाट) तथा बयालुसीमी क्षेत्र (दक्खिन पठार क्षेत्र) है. राज्य का अधिकांश क्षेत्र बयालुसीमी में आता है और इसका उत्तरी क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा शुष्क क्षेत्र है. कर्नाटक का सबसे ऊंचा स्थल चिकमंगलूर जिले का मुल्लयनगिरि पर्वत है. यहां की समुद्र की सतह से ऊंचाई 1,929 मीटर (6,329 फीट) है.

कृषि हेतु योग्यता के अनुसार यहां की मिट्टी को छ: प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है: लाल, लैटेरिटिक, काली, ऍल्युवियो-कोल्युविलय एवं तटीय रेतीली मिट्टी. राज्य में चार प्रमुख ऋतुएं आती हैं. जनवरी,फ़रवरी में शीत ऋतु, मार्च से मई तक ग्रीष्म ऋतु, जून से सितंबर तक वर्षा ऋतु (मॉनसून) और अंतत: अक्टूबर से दिसम्बर पर्यन्त मॉनसूनोत्तर काल. मौसम विज्ञान

के आधार पर कर्नाटक को तीन क्षेत्रों में बांटा जा सकता है: तटीय, उत्तरी आंतरिक और दक्षिणी आंतरिक क्षेत्र. शिवमोग्गा जिले का अगुम्बे भारत में दूसरा सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान है. कर्नाटक का लगभग 38,724 वर्ग कि. मी. वनों से आच्छादित है जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 20% है.

पिछले दशकों में कर्नाटक राज्य का भारत के सकल घरेलु उत्पाद में योगदान 5.2% रहता था, परंतु अब यह बढ़कर 20.22% पहुँच चुका है. कर्नाटक पिछले कुछ वर्षों में जीडीपी एवं प्रति व्यक्ति जीडीपी के दरों में तीव्रतम विकासशील राज्यों में रहा है. राज्य में बेरोजगार दर 5.3% है. कर्नाटक की लगभग 55% जनसंख्या कृषि और संबंधित गतिविधियों में संलग्न है. राज्य की कुल भूमि का 64.6% कृषि कार्यों में प्रयुक्त हो रही है. इस राज्य में आज भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अनेक बड़े उद्योग यथा हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, नेशनल एरोस्पेस लैबोरेटरीज़, भारत हैवी एलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज़, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान मशीन टूल्स आदि स्थापित हैं. यहाँ भारत के कई प्रमुख विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र जैसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान आदि भी स्थित है. मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड एक तेल शोधन केन्द्र है. पिछले दशकों से कर्नाटक विशेषकर बेंगलूरु सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष उभरा है. इस कारण ही बेंगलूरु को भारत की 'सिलिकॉन घाटी' कहा जाने लगा है.

भारत में कर्नाटक जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी है. यह भारत के सबसे बड़े जैव आधारित उद्योग समूह का केन्द्र भी है. भारत के कुल पुष्प-उद्योग का 75% योगदान कर्नाटक का ही है. भारत के अग्रणी बैंकों में से सात बैंक यथा केनरा बैंक, सिंडिकेट बैंक (विलय के बाद केनरा बैंक), कॉर्पोरेशन बैंक (विलय के बाद यूनियन बैंक), विजया बैंक (विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा), कर्नाटक बैंक, वैश्य बैंक तथा स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (विलय के बाद भारतीय स्टेट बैंक) का उद्गम इसी राज्य से हुआ. राज्य के तटीय जिलों उडुपी और दक्षिण कन्नड़ में लगभग प्रति 500 व्यक्ति पर एक बैंक की शाखा है. यह भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक वितरण राज्य है. भारत के रेशम उद्योग का अधिकांश भाग कर्नाटक राज्य में स्थित है. यहां की बेंगलूरु और मैसूर सिल्क विश्वप्रसिद्ध है.

संस्कृति: कर्नाटक राज्य में बहु भाषायी और विभिन्न धार्मिक जाति-प्रजातियां बसी हुई हैं. कन्नड़िगों के अलावा यहां तुलुव, कोडव और कोंकणी जातियां भी बसी हुई हैं. यहां अनेक अल्पसंख्यक जैसे तिब्बती बौद्ध तथा अनेक जनजातियाँ यथा सोलिग, येरवा, टोडा और सिद्धि समुदाय भी हैं. कर्नाटक की परंपरागत लोक कलाओं में संगीत, नृत्य, नाटक, घुमक्कड़ कथावाचक आदि आते हैं. यक्षगान, वीरागेस, कमसेल, कोलाट और डोलुकुनिता यहां की प्रचलित नृत्य शैलियां हैं. मैसूर शैली के भरतनाट्यम यहां जत्ती तयम्मा जैसे पारंगतों के प्रयासों से आज शिखर पर पहुंचा है. कर्नाटक का विश्वस्तरीय शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट स्थान है. कर्नाटक संगीत के कई प्रसिद्ध कलाकार जैसे गंगूबाई हंगल, मल्लिकार्जुन मंसूर, भीमसेन जोशी, बसवराज राजगुरु, सवाई गंधर्व आदि कर्नाटक राज्य से ही हैं.

पहनावा: कर्नाटक में महिलाओं की परंपरागत वेशभूषा साड़ी है. कोडगु की महिलाएं एक विशेष प्रकार से साड़ी पहनती हैं जो शेष कर्नाटक से भिन्न होती है. राज्य के पुरुषों का परंपरागत पहनावा धोती है, जिसे यहां पाँचे कहते हैं. राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में विशेष शैली की पगड़ी पहनी जाती है जिसे मैसूरी पेटा कहते हैं. उत्तरी क्षेत्रों में राजस्थानी शैली की पगड़ी पहनी जाती है. चावल और रागी राज्य के प्रधान खाद्य पदार्थ हैं. इनके अलावा तटीय क्षेत्रों एवं कोडगु में अपनी विशिष्ट खाद्य शैली होती है. बिसे बेले भात, जोलड रोट्टी, रागी बड़ा, उपमा, मसाला दोसा और मद्दूर वड़ा आदि यहाँ के प्रसिद्ध खाद्य पदार्थ हैं. मिष्ठान्न में मैसूर पाक, बेलगावी कुंदा, गोकक करदंतु और धारवाड़ पेड़ा अत्यंत मशहूर हैं.

पर्यटन: अपने विस्तृत भूगोल, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं वैभवशाली इतिहास के कारण कर्नाटक पर्यटन आकर्षणों से परिपूर्ण है. राज्य में जहां एक ओर प्राचीन शिल्पकला से परिपूर्ण मंदिर हैं तो वहीं आधुनिक नगर भी हैं. एक ओर नैसर्गिक पर्वतमालाएं हैं तो वहीं अनान्वेषित वन संपदा भी है. यहाँ व्यस्त व्यावसायिक कार्यकलापों में उलझे शहरी मार्ग हैं, वहीं दूसरी ओर लम्बे सुनहरे रेतीले एवं शांत सागरतट भी हैं. कर्नाटक राज्य को भारत के राज्यों में सबसे प्रचलित पर्यटन गंतव्यों की सूची में चौथा स्थान प्राप्त है. राज्य के मैसूर शहर में स्थित महाराजा पैलेस इतना आलीशान एवं खूबसूरत बना है कि उसे विश्व के दस सबसे सुंदर महलों में गिना जाता है. राज्य में 25 वन्य जीव अभयारण्य एवं 5 राष्ट्रीय उद्यान यथा बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, बनेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान एवं नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान है. हम्पी में विजयनगर साम्राज्य के अवशेष तथा पट्टडकल में प्राचीन पुरातात्त्विक अवशेष युनेस्को विश्व धरोहर घोषित हो चुके हैं. इनके साथ ही बादामी के गुफा मंदिर तथा ऐहोल के पाषाण मंदिर बादामी चालुक्य स्थापात्य के अद्भुत नमूने हैं. बेलूर तथा हैलेबिडु में होयसाल मंदिर क्लोरिटिक शीस्ट से बने हुए हैं एवं युनेस्को विश्व धरोहर स्थल बनने हेतु प्रस्तावित हैं. यहाँ बने गोल गुम्बज तथा इब्राहिम रौज़ा दक्खिन सल्तनत स्थापत्य शैली के अद्भुत उदाहरण हैं. श्रवणबेलगोला स्थित गोमतेश्वर की 17 मीटर ऊंची मूर्ति विश्व की सर्वोच्च एकाश्म प्रतिमा है. कर्नाटक के जोग फाल्स को भारत के सबसे ऊंचे एकधारीय जल प्रपात के रूप में सम्मिलित किया गया है.

यहाँ अनेक खूबसूरत सागरतट हैं, जिनमें मुरुडेश्वर, गोकर्ण एवं कारवार सागरतट प्रमुख हैं. यहां के प्रसिद्ध हिन्दू मंदिरों में उडुपि कृष्ण मंदिर, सिरसी का मरिकंबा मंदिर, धर्मस्थल का श्री मंजुनाथ मंदिर तथा शृंगेरी स्थित शारदाम्बा मंदिर हैं जो देश भर से लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं. लिंगायत मत के अधिकांश पवित्र स्थल जैसे कुडालसंगम एवं बसवन्ना बागेवाड़ी राज्य के उत्तरी भागों में स्थित हैं.

- स्वागतिका बल,
क्षे. म. प्र. का., बेंगलूरु

क्षेत्रीय विशेषताएं - बेंगलूरु, मंगलूरु, उडुपि, हुबली, बेलगावी, शिवमोग्गा, कलबुर्गी, मैसुरु

कर्नाटक दक्षिण भारत का सबसे रोमांचक राज्य है. वहाँ दक्कन का पठार स्थिति है. यहाँ कन्नड़, तुलु, कोकणी भाषा बोली जाती है. यहाँ सूचना जैव प्रौद्योगिकी में सबसे अग्रणी राज्य, टेक्नोलॉजी आईटी का हब है यहां पर, क्रोमाइट एवं मेग्नेसाइट का बड़ा उत्पादन है. यहाँ कृष्णा, कावेरी, तुंगभद्रा, मलाप्रभा नदियां बहती हैं. यहाँ काली मिट्टी की जमीन एवं भारत की सांस्कृतिक धरोहर है. कर्नाटक राज्य में कुल तीस जिले हैं जिनमें मुख्य रूप से मंगलूरु, उडुपि, बेंगलूरु, हुबली, बेलगावी, शिवमोगा, कलबुर्गी तथा मैसुरु हैं.

1. बेंगलूरु :

भारत के कर्नाटक राज्य की राजधानी है- बेंगलूरु. पूर्व में इस खूबसूरत स्थान को कल्याणपुरी या कल्याण नगर के नाम से जाना जाता था. इसके उत्तर पूर्व में कोलार, उत्तर पश्चिम में तुमकुल, दक्षिण पश्चिम में मंडया, दक्षिण में चामराजनगर जिला तथा दक्षिण पूर्व में तमिलनाडु राज्य है. यह भारत गणराज्य का तीसरा सबसे बड़ा शहर और पांचवा सबसे बड़ा महानगर क्षेत्र है. यह क्षेत्र दक्षिण भारत के दक्कन के पठारी क्षेत्र में 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. केंद्र व राज्य सरकार की स्वीकृति पर इसका नाम 1 नवंबर 2014 को बेंगलोर से बेंगलूरु रखा गया. भारत की सिलिकॉन वैली (आईटी राजधानी-बेंगलूरु) या फिर कहें नई पीढ़ी का शहर, 1537 में बसाया गया है जो आज कामयाबी की बुलंदियों को छू रहा है. बेंगलुरु के अंतर्गत 103 से भी अधिक केंद्रीय एवं राज्य अनुसंधान और विकास संस्थानें हैं. साथ ही, भारतीय विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय लॉ स्कूल, 45 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज बेंगलूरु को शिक्षा एवं अनुसंधान की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान देते हैं. अपने सुहाने मौसम के कारण बेंगलूरु को 'भारत का उद्यान' कहते हैं. यहां पर दशहरा (मैसूर की पहचान), दीपावली, गणेश चतुर्थी, उगादि, संक्रांति, ईद उल फित्र, क्रिसमस आदि त्योहार श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाए जाते हैं. साथ ही यहां पर बेंगलूरु का अंतर्राष्ट्रीय कला महोत्सव मनाया जाता है. यहां पर बसवंगुड़ी बुल टेंपल (भगवान शिव के वाहन नंदी को समर्पित), शिव मूर्ति (65 मीटर ऊंची), इस्कॉन मंदिर (राधा कृष्ण जी का मंदिर), टिपू पैलेस व किला बेंगलूरु (मुगल शैली की वास्तुकला), बेंगलूरु पैलेस, लालबाग, कब्बन पार्क, गांधी भवन, नेहरू प्लैनेटोरियम, बन्नेरघट्टा बायोलॉजिकल पार्क, विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (मुख्य आकर्षण मोबाइल विज्ञान प्रदर्शन) है. इसके अतिरिक्त यहां पर कांचीपुरम् सिल्क आसानी से मिलता है.

2. मंगलूरु :

यह कर्नाटक राज्य के दक्षिणी कन्नड़ जिले में अरब सागर के तट पर स्थित है. इसे हम मंगलूर और मंगलूरु भी कहते हैं. इस नगर का यह नाम यहां की स्थानीय देवी मंगला देवी के नाम पर पड़ा है. यह अरब सागर और पश्चिमी घाट के बीच तथा नेत्रावती व गुरुपूरा नदियों के संगम स्थल पर बसा हुआ है. इसे प्राचीन काल में 'नौरा' कहकर पुकारा जाता था. शिक्षा की दृष्टि से यहां पर मंगलूरु विश्वविद्यालय अपना एक अलग ही स्थान रखता है. यहां के प्राचीन समुद्र तट, चौड़ी सड़कें और वातावरण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता हैं. यहां की मंगला देवी मंदिर, (केरल की राजकुमारी की याद में) सैंट अलोयसियस चर्च, श्री शरावु महागणपति मंदिर, लाइट हाउस हिल गार्डन, श्रीमंथी बाई मेमोरियल म्यूजियम,

पिलीकुला बायोलॉजिकल पार्क, गोकर्णनाथेश्वरा मंदिर (भगवान शिव को समर्पित) इस स्थान की अलग ही पहचान बना देते हैं. खाने-पीने के शौकीन यहां गोली भाजी, बांगड़े पुलीमूंची, नीर डोसा, बादाम मिल्क, तुलुवा, मंगलोरियन बन्स आदि चीजों का जायजा ले सकते हैं. यह शहर काजू के लिए प्रसिद्ध है. पर्यटक यहां काजू व काजू से बनी मिठाई खरीदते हैं इसके अतिरिक्त रेशम की साड़ी, हाथी के दांत व चंदन की लकड़ियों से बनी कलाकृतियां भी प्रसिद्ध है.

3. उडुपि :

कर्नाटक राज्य का उडुपि, जिसे को तुलु भाषा में ऑडिपू कहते हैं. यह बेंगलुरु से 407 किलोमीटर दूरी पर स्थित यह शहर खुद में कई हैरतों को समेटे हुए है. उडुपि जिले के उत्तर में उत्तर कन्नड़ जिला, उत्तर पूर्व में शिमोगा जिला, पूर्व में चिकमगलूर जिला और दक्षिण में दक्षिण कन्नड़ जिला है. उडुपि एक लुभावनी सुंदरता की भूमि है. यह पश्चिमी घाटों और अरब सागर की पहाड़ियों के बीच स्थित है. यहां के शहरों की गलियों से यदि आप गुजरोगे तो श्वेत रंगों से बनी बेहद खूबसूरत रंगोलियां, घरों के आंगन में दिए व अगरबत्तियों से सजे तुलसी चौरे, हर सुबह को मनमोहक मनोरम बना देते हैं. गजरे की खुशबू से सजी गृहणियां, लुंगी पहने और गमछा टांगे यहां के पुरुष एक अलग ही प्रकार की गरिमा को अपने अंदर समाये हुए हैं. शहर से करीब 35 कि. मी. दूरी पर परिका में नेचुरोपैथी और आयुर्वेदिक इलाज भी होता है. अजब गजब स्वाद का शहर है उडुपि! इस छोटे परंतु बेहद खूबसूरत शहर ने दुनियाभर को अपना मसाला डोसा और कटहल के पत्तों में लपेटकर दी जाने वाली इडली दी है. उडुपि के व्यंजनों के अलावा यहां की गड़बड़ आइसक्रीम की अधिक मांग है. पर्यटकों के लिए उडुपि में श्री कृष्ण मंदिर, सेंट मैरी दीप, अनगुछी विनायक मंदिर (ऋषि परशुराम ने बनाया), चतुर्मुखा बसादी, चतुर्मुखा (जैन मंदिर), मालपे बीच, कॉप बीच आदि पर्यटन व धार्मिक स्थल हैं. श्री कृष्ण मंदिर के तालाब में मंदिर का खूबसूरत प्रतिबिंब दिखाई देता है. कुछ समय पहले मुस्लिम संप्रदाय को खाना खिलाकर इस मंदिर ने धार्मिक सौहार्द का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है. उडुपि शहर ने हमें संतोष हेगडे, पूजा हेगडे, दीपिका पादुकोण, ऑस्कर फर्नांडिस, रवि शास्त्री, के. शिवराम कारंत आदि अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व दिये हैं.

4. हुबली :

कर्नाटक राज्य का एक और प्रमुख ऐतिहासिक नगर है- हुबली. यह धारवाड़ से 24 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित है और इसे धारवाड़ के जुड़वा शहर के नाम से भी जाना जाता है. हुबली उत्तरी कर्नाटक का वाणिज्य केंद्र है. यह पूर्व में रायका हुगली या इलेया पुरावदा हल्ली और पुरबल्ली के नामों से भी जाना जाता है. हुबली अपने सूत कातने और विभिन्न प्रसंस्करण मिलों के लिए प्रसिद्ध है. यहां पर कपास व मूंगफली की फसल मुख्य रूप से उगाई जाती है. इंदिरा गांधी ग्लास हाउस की प्रसिद्ध प्रदर्शनी, यहां आए पर्यटकों का रुझान बढ़ा देती है. इसके अतिरिक्त 200 एकड़ के क्षेत्र में फैली 110 वर्ष पुरानी उन्कल झील शामिल है. यहां पर पर्यटक शाम के समय सूर्यास्त का सुंदर दृश्य देखने को उमड़ते हैं. यहां का वातावरण व हरियाली देखकर पर्यटक आनंदित हो जाते हैं. हुबली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर श्री सिद्धरुधा स्वामी जी रेलवे स्टेशन रखा गया है. यहां पर शानदार रेल म्यूजियम बनाया गया है, जो लोगों को रेलवे के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताता है.



5. बेलगावी :

प्राकृतिक और ऐतिहासिक खज़ानों से भरा हुआ कर्नाटक राज्य का बेलगाम, जिसे बेलगावी और बेलगांव भी कहा जाता है, पश्चिमी घाटों में सबसे पुराना है. यह स्थान कर्नाटक की उत्तरी पश्चिमी सीमा पर स्थित है. बेलगांव ने पूरे देश के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था. बेलगांव में वह जेल भी है जहां पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विनायक दामोदर सावरकर को रखा गया था. बेलगावी, समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का गवाह है जहाँ रीति रिवाज और परंपराएं कन्नड़ और मराठी दोनों संस्कृतियों से प्रभावित है. शैक्षिक दृष्टिकोण में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, साउथ कोकण सोसाइटी, के अलावा कई मेडिकल कॉलेज भी है. पर्यटन के लिए यहाँ पर बेलगांव का किला (यह वास्तुशिल्प का चमत्कार है), गोकाक जलप्रपात (171 फीट की ऊंचाई से), येल्लूर का किला (मराठा, पेशवा, होयसला और बहमनी का साम्राज्य), कमला बस्ती (कला प्रेमियों के लिए), जंबोटी हिल्स (एडवेंचर के शौकीनों के लिए) आदि देखने लायक स्थल है.

6. शिवमोग्गा :

शिमोग्गा, जिसका आधिकारिक नाम शिवमोग्गा है, तुंगा नदी के किनारे स्थित है. यह चारों ओर से हरे-भरे धान के खेत, सुपारी व नारियल के वृक्षों से घिरा हुआ है. यह पश्चिमी घाट के पहाड़ी क्षेत्र का प्रवेश द्वार होने के कारण इसे 'मल्नाड का प्रवेश द्वार' भी कहा जाता है. शिमोग्गा अर्थात शिव का मुख, यह बेंगलुरु से 275 किलोमीटर की दूरी पर तुंगा नदी के किनारे स्थित है. शिवमोंग्गा में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चर्च 'सैक्रेड हार्ट कैथ्रेडल' अपने वास्तुशिल्प के लिए प्रसिद्ध है. इसमें लॉर्ड जीसस क्राइस्ट की जीवंत मूर्ति कैथ्रेडल को बेहद खास बना देती है. साथ ही तुंगा नदी पर बना हुआ 'तुंगा डैम' जिसकी लंबाई लगभग 535 मीटर है, यात्रियों को सुखद अनुभव प्रदान करता है. यहां पर 1853 में अंग्रेजों द्वारा शुरू किया गया गवर्नमेंट हाई स्कूल, शिवमोग्गा का सबसे पुराना शिक्षा संस्थान है. शिवमोग्गा में एपीएमसी (कृषि उपज बाजार समिति) के द्वारा सुपारी, नारियल, चावल, मिर्च आदि वस्तुओं का विपणन होता है. यह अक्सर कर्नाटक राज्य के 'चावल के कटोरे' के रूप में भी जाना जाता है. शिमोग्गा रेलवे स्टेशन बेंगलूरु, मैसूर, चिकमंगलूर से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है. यहां पर पर्यटन के लिए जोगफॉल्स (खूबसूरत झरना), भद्रा बांध (भद्रा नदी पर बनाया हुआ), अमृतपुरा (अमृतेश्वर मंदिर), पश्चिमी घाटों का ताज (कोडाचाद्री), अगुंबे (दक्षिण का चेरापूंजी) आदि लुभाने वाले स्थल हैं.

7. कलबुर्गी :

कलबुर्गी, (कन्नड़ में इसका अर्थ कला /मजबूत पत्थर) जिसका पहले नाम गुलबर्गा (उर्दू में इसका अर्थ फूल और बगीचों का शहर) था. यह स्थान कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु के उत्तर में दक्कन के पठार पर स्थित है. कलबुर्गी अपनी वास्तुकला, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के कारण जाना जाता है. कलबुर्गी तुअर दाल व चूना पत्थर के लिए भी प्रसिद्ध है. यहां पर काली मिट्टी की अधिकता पाई जाती है. यहां प्रमुख नदियां कृष्णा और भीमा बहती हैं. पर्यटन की दृष्टि से यहां गुलबर्गा किला (राजा गुलचंद द्वारा निर्माण), शरण बसवेश्वर मंदिर (निर्माण लिंगायत संत शरण बसवेश्वर), सूफी संत हजरत ख्वाजा बांदा नवाज का दरगाह भी है, इस दरगाह में उर्दू, अरबी, और फारसी में लिखी गई किताबें है, इसके अतिरिक यहाँ कोरनटी हनुमान जी के दर्शन भी कर सकते हैं.

हम कह सकते हैं कि 'अनेकता में एकता' को समाए हुए कर्नाटक राज्य अपने आप में एक समृद्ध राज्य है. कर्नाटक राज्य भारत का सबसे अधिक चंदन उत्पादित करने वाला राज्य है. साथ ही, यहां पर 70% कॉफी का उत्पादन और 70% शहतूत रेशम का उत्पादन भी होता है. इसके अतिरिक्त यहां पर लगभग 408 से भी अधिक बाघ हैं. कर्नाटक में मैसूर भारत का एक ऐसा राज्य है जहां पर आज भी संस्कृत भाषा में अखबार छपता है. इसके साथ ही यहां के दो गांव मट्टूरु और होसहल्ली हैं, जहां आज भी संस्कृत भाषा बोली जाती है. यह भारत का एक मात्र ऐसा राज्य है जिसका अपना राज्य गान है 'जयभारत जननिय तनुजाते जय' हे कर्नाटक के साथी.'

8. मैसुरु :

भारत के कर्नाटक राज्य में खूबसूरत मैसुरु शहर, राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर है. यह नगर राजधानी बेंगलूरु से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दक्षिण में केरल राज्य की सीमा पर स्थित है. मैसुरु जिले को पर्यटकों का स्वर्ग भी कहा जाता है. यहां पर मैसुरु का दशहरा उत्सव, मैसुरु महल, जगनमोहन पैलेस, चामुंडी पहाड़ी, सैंट फिलोमिना चर्च, आदि स्थित है. मैसुरु से थोड़ी दूरी पर ही हमें कृष्णराज सागर डैम, वृंदावन गार्डन, जैसे मनमोहक स्थल देखने को मिलते हैं. इसके अतिरिक्त यहां पर केंद्रीय विद्यालय संगठन का शिक्षा एवं प्रशिक्षण आंचलिक संस्थान भी है. सोमनाथपुर के मंदिर के अलावा यहां पर चंदन का साबुन, रेशमी वस्त्र, खूबसूरत कलात्मक वस्तुएं भी तैयार की जाती है.

मैसुरु महल, मैसुरु जिले की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करता है क्योंकि यह शानदार महल भारत के सबसे बड़े महलों में से एक है. यहां की छत कांच से बनी हुई है, दीवारों पर लगी खूबसूरत तस्वीरें व स्वर्णिम सिंहासन इस महल की खासियत है. इस महल में मैसुरु के राजा वडियार रहा करते थे. मैसुरु का दशहरा भी अन्य दशहरों से अलग है क्योंकि यहां न राम भगवान होते हैं और न हीं रावण का पुतला जलाया जाता है बल्कि देवी चामुंडा द्वारा राक्षस महिषासुर का वध करने पर दशहरा धूमधाम से मनाया जाता है. सदियों से चली आ रही इस परंपरा में मैसुरु महल को रोशनी से सजाकर अनेक तरह के धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं. मैसुरु का चिड़ियाघर विश्व के सबसे पुराने चिड़ियाघरों में से एक है. इस चिड़ियाघर में लगभग चालीस से भी अधिक देशों से लाए गए जानवरों को रखा गया है. शेर यहां के आकर्षण का केंद्र है.

- प्रवीण कुमार
स्टा. म. वि., बेंगलूरु

Karnataka Shines

- Purandara Dasa is known to be the main pillar of Carnatic Music. In fact, Pandit Bhimsen Gururaj Joshi who is the father and pillar of Hindustani Classical Music also belongs to Karnataka.
- Karnataka has the most number of waterfalls in India. The state is known to harbour in excess of 35 waterfalls.
- Have you heard of the Karanji Lake in Mysore? Do visit, it's a great place. It is surrounded by the Butterfly Park and has the biggest "walk-through aviary" in India.
- The beautiful and extremely serene village of Mattur or Mathur, uses Sanskrit as a language for communication. It is called Sanskrit Village.
- Karnataka, produces the largest amount of coffee. The first plantation was cultivated in Chikmagalur centuries ago. Karnataka is the largest exporter of coffee.
- Rani Chennamma, the Queen of Princely state of Kittur was the first women to lead an army against the British.
- The city of Mysore was the first to publish a weekly newspaper in Kannada language in the year 1859.
- The Karnataka Khadi Gramodyoga Samyukta Sangha or KKGSS is the only division in the whole country with the permission to sew and supply the 'Flag of India.'
- Lalbagh, Bangalore's botanical garden has the oldest rock formations on the earth which is around 3,000 million years old originated before the dinosaurs.
- Built in the year 1891, the Oriental Library, located in Mysore is the oldest library in India.
- The Bangalore Palace belongs to the Mysore Royal Family, is known for its architectural splendour.
- Bangalore resonates as a "Rocking City". Innovative start-ups are popping like daisies every other day. Its GDP is projected to grow at a massive 8.5% till 2035 and will retain its position for the next 15 years.
- The State boasts of two thermal plants - Raichur Thermal Power Station and the Bellary Thermal PowerStation
- The Kolar Gold Mine used to be one of the largest Gold Mines of our nation.
- The State has the highest population of Elephants and the Second largest population of Tigers.
- The first private radio station was set up by Professor MV Gopalaswamy in Karnataka in the year 1935.
- Karnataka is a producer of black ink that is used in elections.
- The Jog Falls is the second highest plunge waterfall in India. Located in Sagar taluk of Shimoga district, The falls drop down from a height of 253 m (830 ft).
- This statue of Bahubali is 58 feet tall and is the largest monolith statue in the world. Carved out from a single block of granite. It is situated at Shravanabelagola.
- The hilly region of Ramanagara is the village of the legendary villain "Gabbar Singh" from the movie 'Sholay.' Ramnagara is located just 60 km away from Bangalore.
- The oldest surviving and fabled manuscript written by Chanakya or Kautilya, the Arthashastra can be found in the Oriental Research Institute. It was originally set up as the Mysore Oriental Library in the year 1891.
- The Bangalore Club has revealed an interesting and odd fact about former British Prime Minister, Winston Churchill, that he owes INR 13 to the club in unpaid bills.

- J Subramaniam
STC Bengaluru

FLORA AND FAUNA OF KARNATAKA

Karnataka is a land of diverse flora and fauna. Out of the total geographical area of the country, about approx. 23% is covered under forests. Many of the fauna species prevalent in the state have been recognized as an endangered species. Tourists visiting the state of Karnataka are mesmerised by the wild life flourishing in the lap of nature in this state. Karnataka is endowed with magnificent forests ranging from majestic evergreen forests of the Western Ghats to the scrub jungles of the plains. The Western Ghats of Karnataka are one of 25 global priority hotspots for conservation. Several precious species such as Sandalwood, Rosewood, Teak, White cedar grow naturally in these forests. Its forests are endowed with rich wildlife, harbours 25 per cent of Asiatic elephant population and 10% of tiger population. There are 5 national parks and 21 sanctuaries comprising about 17% of total forest area as protected area for biodiversity and wildlife. The state ranks 4th among all the states and union territories in respect of area covered under forest.

Endangered are fauna that can be spotted in Karnataka: Gyps indicus (The Indian Vulture) and two species of frogs (Indira gundia) found only in gundia range, Sakleshpur and (Micrixalus kottigeharensis) found only near kottigehara, Chikkamagaluru district, tiger, Indian elephant, lion-tailed macaque, turtle and dhole, the Indian white dog. Karnataka is one of those places in India where one can visit fish sanctuaries as well.

There are six fish sanctuaries in Karnataka, which are home to 289 types of fish. More than 35 fish sanctuaries have been reported, and new are being set up by local communities.

National Parks of Karnataka

Name of national park	Park area (sq. km)	District	Best time to visit
Anshi National park	250	Uttara Kannada	November to June
Bandipur National Park	874	Mysore	June to October
Kudremukh National Park	600	Chikmagalur	December to May
Nagarhole National Park	643	Kodagu	September to March
Bannerghatta National Park	104	Bengaluru North	All seasons

These national parks of Karnataka are amongst the best national parks in India. All these parks are blessed with varied landscapes and diverse species, which make it one of the best places for photographers, conservationists and explorers. No other place in India has an organised flora & fauna like Karnataka. Anshi national Park is one of the least explored national parks and to one's astonishment the place is home to around 200 bird species.

Wildlife and Bird sanctuaries

With eighteen wildlife and three bird sanctuaries, Karnataka is the ultimate wildlife destination of India. In these sanctuaries, some of the threatened species are sheltered. There are three bird sanctuaries in Karnataka-Attiveri Bird sanctuary, Gundavi Bird Sanctuary and Ranganthittu Bird sanctuary that attracts migratory birds from Australia, Siberia and even North America. Painted Stork, Asian open bill stork, Common spoonbill, Woolly-necked stork, Black-headed ibis, Lessor whistling Duck, Indian Shag and Stork-billed kingfisher are the famous species of birds, seen in the bird sanctuaries of Karnataka.

Wildlife & bird sanctuaries in Karnataka

Adichun-changiri Peacock Sanctuary, Arabithittu Wildlife Sanctuary, Attiveri Bird Sanctuary, BRT Wildlife Sanctuary, Bhadra Wildlife Sanctuary, Brahmagiri Wildlife Sanctuary, Cauvery Wildlife Sanctuary, Dandeli Wildlife Sanctuary, Daroji Bear Sanctuary, Gudavi Bird Sanctuary, Mookambika wildlife Sanctuary, Pushpagiri wildlife sanctuary and Talakaveri Wildlife Sanctuary

Tiger reserves : Tiger reserves of Karnataka is a popular tourist destination as it takes pride in housing the highest tiger population in India. According to a census in 2014, there

are about 406 tigers living unperturbed in Karnataka. There are six tiger reserves and these reserves portray nature at its ultimate best. Bandipur, a prime tiger destination is prone to poaching. To restrict such activities and for proper forest management, an android application Hejje is launched. Karnataka was the first to harness this technology.

Fish Sanctuaries in Karnataka

Multi-hued fish, sea turtles and dolphins- Welcome to the underwater world of Karnataka. The tropical waters are teaming with marine life so clear that one can see fish hiding in the corals and swim across in sight. There are 289 type of fish, which are spotted in the fishing sanctuaries of Karnataka, out of which 41% are extinct. Mahaseer, Puntius, pulchellus, long finned albino, Tiger barbes, labeo fimbriatus, Bagarius yarrelli are some of those species. Native freshwater fish in India are declining rapidly. Efforts are on to set up a dedicated institute and society on fish conservation.

When it comes to a destination and blissful natural diversity and to get ourselves connected to that supreme power God, we can find that in the flora and fauna. Only thing is that we have to spare some time from our hectic lifestyle and by that we can channelize our mind, body and soul towards that reservoir of energy known as nature.

- Ankur Narula
STC Bengaluru

हमें गर्व है

एक सलाम, संपादक मंडल का 'संपादक' के नाम

अपने शब्दों से, जो हमसे-आपको और आपको-हमसे, दिल से जोड़े.
जो अपने संपादन में कोई कसर ना छोड़े..
शब्दों का ऐसा भंडार, मानो समंदर में हिलोरे...
हमारी आपकी, प्यारी संपादक डॉ. सुलभा कोरे..

हम पत्रिका को स्तरीय बनाने के लिए अक्सर नए-नए सुझाव देते रहते हैं परंतु पत्रिका को उन मानदंडों पर खरा उतारने के लिए जो अपना सर्वस्व झोंक देती है, जो पत्रिका प्रकाशन की रीढ़ हैं, उन्हें हम नजरंदाज कर देते हैं.

जी हाँ, आज हम बात कर रहे हैं हमारी, आपकी, हम सभी की पत्रिका की संपादक, डॉ. सुलभा कोरे जी की. डॉ. कोरे की तारीफ में कुछ कहना शायद सूरज को दीया दिखाने जैसी बात होगी. जितनी आप सहज हैं, उतनी ही वस्तुनिष्ठ! आपका स्वभाव जितना सरल है, निर्णय लेने की क्षमता उतनी ही तथ्यपरक.

आप अपने लेखों के चयन, संपादन एवं रचनात्मकता के इंद्रधनुष निचोड़ कर दोनों पत्रिकाओं को सतरंगी कर देती हैं, चाहे वह 'यूनियन धारा' हो या 'यूनियन सृजन'.

आपको केंद्रीय हिन्दी निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 के लिए हिंदीतर भाषी लेखक पुरस्कार प्राप्त हुआ है. यह पुरस्कार आपको आपकी हिन्दी काव्य संकलन 'तासीर' के लिए मिला है, जिसके अंतर्गत ₹1 लाख की पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हैं.

साथ ही, कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से आपको वर्ष 2019-20 के लिए रवींद्रनाथ टैगोर फ़ेलोशिप/ स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुई है. यह स्कॉलरशिप आपको 'शिव और शिवालय - ज्ञात से अज्ञात तक' इस अनुसंधान कार्य हेतु प्राप्त हुई है.

पत्रिका का संपादक मण्डल, प्रकाशन मण्डल एवं संपादकीय सलाहकार समिति की ओर से आपको अनेकानेक बधाई! आप आगे भी इसी प्रकार भाषा की सेवा में जुड़ी रहें, शब्दों के मोती पिरोकर नई रचनाएं हमें परोसती रहें एवं स्वयं के साथ-साथ बैंक का भी नाम रोशन करें, ऐसी हमारी कामना है. आपको हमारी अनंत शुभकामनाएं.

- सावन सौरभ
राजभाषा कार्या. विभाग, के. का.

कर्नाटक की विभूतियां

किसी भी राष्ट्र की विभूतियाँ स्वयं की आंतरिक शक्तियों का उपयोग करते हुए अपनी दूर दृष्टि द्वारा राष्ट्र निर्माण में सहयोग देती है. वैसे यह एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा कुछ विशिष्ट व्यक्ति राष्ट्रीय चेतना को विकसित करते हैं. राष्ट्र के प्रति मन, वचन, कर्म से संवेदनशील होना, सजग होना, राष्ट्रहितार्थ अपनी निजता को त्यागकर सर्वस्व बलिदान करने की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा व स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखती है. यही वह भावना है जो सभी देशवासियों को आपस में जोड़े रखने व राष्ट्रीयता के मूल तत्व को उजागर करती है. यहाँ हम कर्नाटक राज्य में जन्में कुछ ऐसे विभूतियों की चर्चा करेंगे जिन्होंने न केवल कर्नाटक वरन नये भारत के निर्माण की नींव मजबूत की.

राजा वीरा मदकरी नायक: कर्नाटक में मदकरी नायक (1742-1782) को साहस एवं वीरता का प्रतीक तथा कर्नाटक की शान माना जाता है. बारह वर्ष की आयु में चित्रदुर्ग के सिंहासन पर बैठने वाले मदकरी नायक चित्रदुर्ग के अंतिम नायक के रूप में जाने जाते हैं. चित्रदुर्ग के शत्रुओं ने जब उन पर आक्रमण किया तो बेदा वाल्मीकि राजाओं ने अपनी वफादारी दिखते हुए राज्य की रक्षा की. वर्ष 1759-60 में रायदुर्ग, हरपनहल्ली और सवनूर के एक संयुक्त मोर्चे ने होसकेर के निकट आक्रमण किया जिसमे वीर मदकरी नायक विजयी हुए. मदकरी नायक के समय में चित्रदुर्ग दक्षिण का एक शक्तिशाली राज्य बन चुका था जिसके कारण हैदर अली और पेशवा जैसी कुछ प्रमुख शक्तियों ने एक दूसरे के खिलाफ उसकी सहायता प्राप्त करने की कोशिश की. नायक ने पहले बांकापुर, निजगल, बिदनूर और मराठों के खिलाफ हैदर अली के अभियान में उसकी मदद की. इसके बावजूद वर्ष 1777 में हैदर अली ने चित्रदुर्ग पर चढ़ाई कर दी. लेकिन महीनों तक चली घेराबंदी असफल साबित हुई. उसके बाद एक समझौता हुआ जिसके तहत नायक को तेरह लाख मुद्राओं (पगोडा) का जुर्माना अदा करना पड़ा. मराठा अभियान के समाप्त हो जाने पर हैदर ने एक बार फिर चित्रदुर्ग पर चढ़ाई की, लेकिन कई महीनों तक उसे सफलता नहीं मिली. पालेयगार के सेवा में कार्यरत कुछ विश्वासघाती मुसलमान अधिकारियों की सहायता से चित्रदुर्ग पर 1779 में विजय प्राप्त कर ली गयी. मदकरी नायक और उनके परिवार को कैदियों के रूप में श्रीरंगपट्टना भेज दिया गया और उनकी शक्ति को खत्म करने के इरादे से चित्रदुर्ग के 20,000 सैनिकों को श्रीरंगपट्टना (मैसूर) के द्वीप पर भेज दिया गया. इस विजय के बाद चित्रदुर्ग के राजकोष से हैदर को अपार धन संपदा प्राप्त हुई. बाद के वर्षों में टीपू सुल्तान द्वारा धोखा से नायक की हत्या कर दी गयी. दुर्भाग्य से भारत के इस वीर सपूत को इतिहास में वो जगह नहीं मिली जिसके वह हकदार थे.

नादप्रभु केम्पेगौड़ा: हिरिया केम्पेगौड़ा का जन्म येलहंका में हुआ था. उनके पिता का नाम वोक्कालिगा केम्पानंजे गौड़ा था जो विजयनगर साम्राज्य के येलहंकानाडु प्रांत के प्रधान थे. केम्पेगौड़ा बचपन से ही अपने नेतृत्व कौशल के लिए विख्यात थे. इन्होंने प्रारंभिक नौ वर्षों तक हेसरघट्टा के पास ऐवरुकंदपुरा (ऐगोंडापुरा) के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की. तदनंतर, वर्ष 1513 में अपने पिता से प्रधानता ग्रहण की. ऐसा कहा जाता है कि एक बार जब केम्पेगौड़ा अपने मंत्री वीरन्ना और सलाहकार गिद्दे गौड़ा के साथ शिवनासमुद्र (हेसरघट्टा के पास) की ओर शिकार अभियान के लिए गए थे, उसी दौरान उन्हें भविष्य के एक बड़े नगर के निर्माण की दृष्टि मिली. उन्होंने प्रस्तावित शहर में किला, छावनी, टैंक (जलाशय), मंदिर और सभी व्यवसायों के लोगों के रहने की कल्पना की. उन्होंने बेंगलूरु पुणे राजमार्ग पर 48 किलोमीटर दूर शिवगंगा रियासत को जीत लिया. इसके बाद उन्होंने डोम्लूर पर भी कब्जा कर लिया. इस विशाल वन क्षेत्र के भीतर विजयनगर सम्राट अच्युतराय की आवश्यक शाही अनुमति से उन्होंने 1537 ईस्वी में बेंगलूरु किले और शहर का निर्माण किया तथा अपनी राजधानी येलहंका से नए बेंगलूरु में स्थानांतरित कर दिया. इस दौरान उन्होंने कई कन्नड़ा शिलालेख भी बनवाए. केम्पेगौड़ा अपने समय के सबसे सुशिक्षित और सफल शासकों में से एक थे. उन्हें अपने सामाजिक सुधारों और मंदिरों तथा जलाशयों के निर्माण में योगदान के लिए भी जाना जाता है.

मध्वाचार्य (1238-1317): भारत में भक्ति आन्दोलन के समय के सबसे महत्वपूर्ण दार्शनिकों में से एक थे. वे पूर्णप्रज्ञ व आनन्दतीर्थ के नाम से भी प्रसिद्ध हैं. वे तत्ववाद के प्रवर्तक थे जिसे द्वैतवाद के नाम से जाना जाता है. द्वैतवाद, वेदान्त की तीन प्रमुख दर्शनों में एक है. मध्वाचार्य को वायु का तृतीय अवतार माना जाता है (हनुमान और भीम क्रमश: प्रथम व द्वितीय अवतार थे). इनका जन्म दक्षिण कन्नड जिले के उडुपी शिवल्ली नामक स्थान के पास पाजक नामक एक गाँव में सन् 1238 ई में हुआ. अल्पावस्था में ही ये वेद और वेदांगों के अच्छे ज्ञाता हुए और संन्यास लिया. शंकर मत के अनुयायी अच्युतप्रेक्ष नामक आचार्य से इन्होंने विद्या ग्रहण की और गुरु के साथ शास्त्रार्थ कर इन्होंने अपना एक अलग मत बनाया जिसे 'द्वैत दर्शन' कहते हैं. इनके अनुसार विष्णु ही परमात्मा हैं. रामानुज की तरह इन्होंने श्री विष्णु के आयुधों, शंख, चक्र, गदा और

पद्म के चिन्हों से अपने अंगों को अंलकृत करने की प्रथा का समर्थन किया. उडुपी में श्रीकृष्ण के मंदिर का स्थापन किया, जो उनके सारे अनुयायियों के लिये तीर्थस्थान बन गया.

हरिहर राय व बुक्का राय (1336-1377): हरिहर राय को महान विजयनगर साम्राज्य की स्थापना का श्रेय दिया जाता है. प्रारम्भ में वे और बुक्का राय राज्य की सेना सैनिक थे. जिनका जबरिया धर्मांतरण मुस्लिम आक्रमणकारियों ने करा दिया. इस बात से वे बुरी तरह क्षुब्ध थे. एक सन्यासी विद्यारण्य स्वामी की प्रेरणा और आशीर्वाद से हरिहर और बुक्कराय ने आक्रमणकारियों को युद्ध में हराया और तुंगभद्रा नदी के तट पर महान विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की. श्रृंगेरी मठ को दिए गए अनुदान से संबंधित सन 1346 के एक शिलालेख में हरिहर राय का उल्लेख पूर्वी एवं पश्चिमी समुद्रों के बीच स्थित संपूर्ण देश के शासक के रूप में किया गया है और इनकी राजधानी का वर्णन शिलालेख में विद्यानगर के रूप में किया गया है. हरिहर राय को एक केंद्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था और सुव्यवस्थित शासन का श्रेय दिया जाता है, जिससे इनकी प्रजा को शांति, समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त हुई. हरिहर प्रथम के उत्तराधिकारी बुक्का प्रथम थे, जो संगम राजवंश के पांच शासकों (पंचसंगमों) में सर्वाधिक लोकप्रिय हुए.

भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरय्या: ईंट, पत्थर, लोहे और सीमेंट से इमारत बनाने वाले इंजीनियर को सामाजिक शिल्पकार माना जाता है. इंजीनियरिंग कौशल के साथ यदि सामाजिक सरोकार भी जुड़ जाय है तो इंजीनियर महान बन जाता है. गुलामी के दौर में अपनी प्रतिभा से भारत के विकास में योगदान देने वाले सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या एक ऐसे ही युगद्रष्टा इंजीनियर थे. क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि किसी बांध को ऊंचा किए बिना उसकी भंडारण क्षमता को कैसे बढ़ाया जा सकता है.

विश्वेश्वरय्या को पुणे के पास स्थित खड़कवासला बांध की जल भंडारण क्षमता में बांध को ऊंचा किए बिना भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु पहली बार ख्याति मिली थी. वर्ष 1883 में इंजीनियरिंग की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या का पसंदीदा विषय सिविल इंजीनियरिंग था. सर विश्वेश्वरय्या एक कुशल प्रशासक भी थे. अँग्रेजी शासन काल के दौरान वर्ष 1909 में उन्हें मैसूर राज्य का मुख्य अभियंता व रेलवे सचिव नियुक्त किया गया. कृष्णराज सागर बांध के निर्माण के कारण मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या का नाम पूरे विश्व में सबसे अधिक चर्चा में रहा था. आज कृष्णराज सागर बांध से निकली नहरों से रामनगरम, कनकपुरा, मंड्या, मालवली, नागमंडला, कुनिगल और चन्नपटना तहसीलों की करीब सवा लाख एकड़ से भी अधिक भूमि की सिंचाई होती है तथा मैसूर एवं बेंगलूरु जैसे शहरों को विद्युत एवं पेयजल की आपूर्ति भी होती है. विश्वेश्वरय्या मैसूर राज्य में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए मैसूर में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनवाया और लड़कियों की शिक्षा के लिए पहल की. समाज के संपूर्ण विकास में उनकी भागीदारी के कारण उन्हें कर्नाटक का भगीरथ भी कहा जाता है. उन्हें सन 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया था.

एस. निजलिंगप्पा: सिधवनहल्ली निजलिंगप्पा (1902 - 2000) एक वरिष्ठ राजनेता और 1956 और 1958 के बीच तत्कालीन मैसूर राज्य के मुख्यमंत्री और 1962 से 1968 के बीच एकीकृत कर्नाटक के भी मुख्यमंत्री रहे. उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन तथा कर्नाटक एकीकरण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. निजलिंगप्पा का जन्म बेल्लारी जिले के एक गाँव में हुआ था. बसवेश्वर का जीवन और शंकराचार्य के दर्शन के साथ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और महात्मा गांधी की शिक्षाओं का उनके दिमाग पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा.

जनरल के.एस. थिमैय्या : जनरल कोडेंडर सुबैय्या थिमैया (1906-1965) भारतीय सेना के एक जाँबाज सैनिक थे, जिन्होंने 1962 में चीन के साथ संघर्ष के दौरान 1957 से 1961 तक भारत के सेनाध्यक्ष के रूप में कार्य किया. उस समय जनरल थिमैया एकमात्र ऐसे सैनिक थे जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इन्फैंट्री ब्रिगेड की कमान संभालने का अनुभव रखते थे. कोरियाई युद्ध के बाद थिमैय्या ने युद्ध बंदियों के प्रत्यावर्तन से संबंधित एक संयुक्त राष्ट्र इकाई का नेतृत्व भी किया था. सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें जुलाई 1964 से दिसंबर 1965 तक साइप्रस में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का कमांडर नियुक्त किया गया था.

कर्नाटक राज्य की ऐसी और भी अनेक विभूतियाँ है, जिन्होंने वर्तमान भारत की समृद्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, परंतु उन सब का यहाँ उल्लेख करना संभव नहीं है लेकिन उनकी कीर्ति सदैव इतिहास के पन्नों में अमर रहेगी.

- कुणाल कुमार,
क्षे. म. प्र. का., बेंगलूरु

कर्नाटक के दर्शनीय स्थान

कर्नाटक राज्य भारत के प्रमुख पर्यटक स्थलों और प्राचीन शहरों में से एक है. इसलिए यह राज्य दुनिया भर के इतिहास प्रेमियों और अन्य पर्यटकों को शानदार अनुभव प्रदान करता है.

कर्नाटक राज्य पर नन्द साम्राज्य, मौर्य साम्राज्य, सातवाहन, कदंब, पश्चिमी गंगा, बादामी चालुक्य राष्ट्रकूट साम्राज्य, पश्चिमी चालुक्य साम्राज्य और चोल का शासन रहा है इसलिए कर्नाटक में इनके शासनकाल से संबंधित किले, मंदिरों, महलों जैसे प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों को देखा जा सकता है.

प्राचीन में कर्नाटक पर कई राजा, महाराजाओं ने राज्य किया है और कर्नाटक में उन राज्यों द्वारा निर्मित विभिन्न ऐतिहासिक स्थल मौजूद है.

कर्नाटक के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल :

1. **हम्पी** : हम्पी कर्नाटक राज्य का एक स्मारक शहर है जो कर्नाटक के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है. हम्पी शहर अपने खंडहरों के लिए काफी प्रसिद्ध है, जिसकी वजह से इसे युनेस्को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा भी मिला है. हम्पी का प्रमुख निर्माण महत्वपूर्ण शासक राजा कृष्णदेव राय के शासनकाल के दौरान किया गया था. हम्पी अपने सुंदर और विशाल नक्काशीदार मंदिरों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है.

2. **बेलगाम किला** : बेलगाम किले का निर्माण 13वीं शताब्दी में जय राय द्वारा किया गया था जो बेलगाम शहर का गौरव है. सौन्दर्य और इतिहास के विभिन्न पहलुओं के साथ मिश्रित बेलगाम किला कर्नाटक के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारकों में से एक है. यह किला कर्नाटक के प्रमुख विरासत स्थलों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है. इस किले के प्रवेश द्वार पर गणपति और दुर्गा के मंदिर है, जिनमें से एक अब खंडहर में परिवर्तित हो चुका है.

एक समय में बेलगाम किला के परिसर में 108 जैन मंदिर और 101 शिव मंदिर थे और आज भी इनमें से कुछ संरचनाओं से संबंधित पत्थर देखे जा सकते हैं. जैन और शिव मंदिर के अलावा किले के अंदर जामिया मस्जिद भी स्थित है, ये मस्जिदें मुगल और दक्कणी शैलियों में बनी है और इनमे मीनार गुंबद और मेहराब हैं.

3. **मैसूर पैलस** : कर्नाटक राज्य के मैसूर शहर में स्थित इसे अम्बा पैलस के नाम से भी जाना जाता है. मैसूर पैलस शाही परिवार का महल रहा है और आज भी इस महल पर उन्हीं का अधिकार है. इंडो-सारा सैनिक में हिन्दू, इस्लामिक आर्किटेक्चर शैली के साथ निर्मित यह तीन मंज़िला पत्थर की संरचना है, जिसमें संगमरमर के गुंबद की पाँच मंजिला मीनार है. महल एक बड़े बगीचे से घिरा हुआ है और पुराने किले के भीतर तीन प्रमुख मंदिर और इमारत है. मैसूर पैलेस ताज महल के बाद भारत के सबसे आकर्षित स्थलों में से एक है.

4. **बिदर किला** : कर्नाटक के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक बिदर किले का निर्माण 1428 में अहमद शाह बहमनी द्वारा लाल लैटराइट पत्थर से निर्मित किया गया था. इस किले में प्राचीन समय के कई स्मारक मौजूद हैं. जिनमें से चित्रित महल, तख्त महल, जामा मस्जिद और सोलह स्तंभ मस्जिद सबसे प्रमुख है. किले की असामान्य विशेषताओं मे से एक ऐतिहासिक जल आपूर्ति प्रणाली है, जिसे कारेज कहा जाता है.

5. **गोमतेश्वर प्रतिमा** : कर्नाटक के हासन जिले के श्रवणबेलगोला में एक पहाड़ी गोतमेश्वर प्रतिमा स्थित है. कर्नाटक का यह सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल हैं. यह प्रतिमा 57 फुट ऊंची है, जो दुनिया के सबसे बड़ी खड़ी प्रतिमाओं में से एक है. इसका निर्माण 10 वीं शताब्दी में गंगा वंश के राजा राजमल्ल के जनरल चामुंडराय द्वारा किया गया था. इस प्रतिमा के आधार पर तमिल और कन्नड में शिलालेख लिखे गये हैं.



6. **गोल गुंबज़** : मोहम्मद आदिल शाह, उनकी प्रेमिका, रंभा और उनके परिवार का यह अंतिम विश्राम स्थल है. बीजापुर का सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है. यह गोल गुंबज़ विशेष रूप में दक्कन क्षेत्र में इस्लामिक वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसका निर्माण फ्रांसीसी वास्तुकार काबुल के याकूत उर्फ दाबुल ने किया था. गोल गुंबज़ का निर्माण कार्य 1626 ई. में शुरू किया गया जो 1656 ई. में पूर्ण

हुआ और इसके निर्माण में 30 वर्ष का समय लगा कर्नाटक का यह ऐतिहासिक स्मारक पारंपरिक इस्लामिक या फारसी शैली के वास्तुकला के ट्रेडमार्क तत्वों से परिपूर्ण है.

7. **बैंगलोर पैलस :** बैंगलोर पैलस कर्नाटक के सबसे आधुनिक शहर बैंगलोर में स्थित है जो कर्नाटक में सबसे अधिक देखे जाने वाले आकर्षणों में से एक है. बैंगलोर पैलस का निर्माण सन्न 1944 में वाडीयार राजवंश द्वारा किया गया था. यह पैलेस शानदार लकड़ी के काम और त्युदर शैली की वास्तुकला से सुसज्जित है. राजा रामचन्द्र वाडियार ने लंदन के विंडसर कैसल से बैंगलोर पैलस के निर्माण की प्रेरणा ली. बैंगलोर पैलस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रॉक शो और विवाह के लिए स्थान भी उपलब्ध कराता है. यह महल दक्षिण भारत के सबसे शक्तिशाली राजवंशों में से एक है.

8. **चेन्नाकेशवा मंदिर :** होयसल शासकों द्वारा निर्मित भगवान विजय नारायण को समर्पित यह भव्य ऐतिहासिक मंदिर है जो विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक है. चेन्नाकेशवा मंदिर का निर्माण 1116 ई. में शुरू हुआ और पूर्ण होने में लगभग 103 वर्ष का समय लगा. मंदिर का निर्माण तलकाड की महान लड़ाई में चोलों पर होयसल की जीत की याद में किया गया था. कुछ लोगों का मानना है कि इस मंदिर का निर्माण तब हुआ था जब विष्णुवर्धन ने महान गुरु श्री रामानुजाचार्य के प्रभाव में वैष्णव धर्म अपनाया था. चेन्नाकेशवा मंदिर कर्नाटक में सबसे महत्वपूर्ण प्राचीन स्मारकों में से एक है और इस मंदिर में मुख्य मंदिर के अलावा कई छोटे मंदिर, मंडपम और अन्य संरचनाएं भी है.

9. **सोमेश्वर मंदिर :** हलासुरू के बाहरी इलाके में स्थित सोमेश्वर मंदिर कर्नाटक के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों और प्राचीन मंदिरों में से एक है. भगवान शिव को समर्पित सोमेश्वर मंदिर लगभग 1000 साल पुराना माना जाता है. इस मंदिर का निर्माण स्वर्गीय विजयनगर साम्राज्य काल में हिरिया केम्पे गौड़ा II के शासन में किया गया था. मंदिर के परिसर में कई उल्लेखनीय मूर्तियां, स्तंभ, मीनार, मंडप सहित अन्य कई प्राचीन कलाकृतियां भी देखी जा सकती है. सोमेश्वर मंदिर कर्नाटक का एक ऐसा ऐतिहासिक स्थल है जो पर्यटकों, श्रद्धालुओं के साथ साथ इतिहास प्रेमियों और कला प्रेमियों के लिए भी आकर्षण और आस्था का केंद्र बना हुआ है.

10. **बादामी गुफायें :** कर्नाटक के बागलकोट जिले में स्थित बादामी गुफाएँ कर्नाटक के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में से एक है. बादामी गुफाओं का निर्माण छठी से आठवीं शताब्दी के दौरान पल्लव वंश के शासको द्वारा किया गया था. बादामी गुफाएं भगवान विष्णु को समर्पित हैं. यहाँ चार गुफाएँ हैं जिनमें से तीन हिन्दू धर्म से संबंधित और एक जैन धर्म से संबंधित है. द्रविड़ वास्तुकला की मिसाल के रूप में जाने जानेवाली बादामी गुफाएँ प्राचीन समय में चालुक्य राजवंश की राजधानी के रूप में थी.



11. **पत्तदकल स्मारक परिसर :** युनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों और कर्नाटक के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में पत्तदकल स्मारक अपना एक अलग महत्व रखता है. इतिहासकारों के अनुसार इसकी स्थापना 7वीं और 8वीं शताब्दी में चालुक्य वंश के तहत की गई थी. पत्तदकल के ऐतिहासिक स्मारकों में नौ हिन्दू मंदिर और एक जैन मंदिर है. इन प्राचीन मंदिरों का महत्वपूर्ण केंद्र बिन्दु विरूपाक्ष का मंदिर है, जिसे रानी लोकमहादेवी द्वारा 740 के आसपास बनाया गया था. पत्तदकल का प्रत्येक मंदिर अपनी नक्काशीदार मूर्तियों और आकार के साथ एक सुखद शांति का अनुभव प्रदान करता है.

12. **राजा का मकबरा :** यह स्थान कर्नाटक के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन मडीकेरी कूर्ग में स्थित है. राजा के मकबरे का निर्माण 1820 में किया गया था जिसे गद्दीग के नाम से जाना जाता है. इस मकबरें में वास्तुकला की एक महत्वपूर्ण इंडो-सारसेर्निक शैली को दर्शाया गया है. इसमें कब्र के अंदर भगवान शिव की पूजा करते हुये राजा को देखा जा सकता है क्योंकि राजा हिन्दू धर्म के थे, यह एक ऐसी विशेषता है जो कि इस मकबरें को दूसरे से अलग करती है. राजा के मकबरें के करीब दो बहादुर शाही अधिकारियों को भी दफन किया गया है.

कर्नाटक भारत के शीर्ष दस पर्यटन स्थलों में चौथे स्थान पर है. यह राज्य खूबसूरत परिदृश्यों को लेकर समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत तक, शांत समुन्द्र तटों से लेकर शानदार भोजन और पर्यटन स्थलों से भरा हुआ है. मलयाली, तमिल, कोंकणी, कन्नडिगा के अलावा मुसलमानों और ईसाईयों ने कर्नाटक को अपना घर बना लिया है. यहाँ कुल पाँच राष्ट्रीय उद्यान और पच्चीस से अधिक वन्यजीव अभयारण्य है जिनमें बांदीपुर और नागरहोल राष्ट्रिय उद्यान सबसे प्रसिद्ध है.

- अफ्रोज़ा देहल्वी
क्षे. का. बेलगावी

कर्नाटक की खनिज संपदा: स्वर्ण खदानें

ईश्वर ने पृथ्वी पर जब मानव जीवन की कल्पना की तभी उनके जीवनयापन के लिए अनेक प्रकार के संसाधन भी प्रदान कर दिये. मनुष्य को जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ यथा हवा, पानी, फल-फूल, अनाज, लकड़ी, कोयला आदि प्रकृति द्वारा मुफ्त में प्रदान किया जाता है. प्राचीन काल से ही खनिज संसाधन मानव सभ्यता एवं संस्कृति के आधारभूत स्तंभ रहे हैं. वर्तमान समय में भूगर्भ से निकलने वाले खनिज संसाधन किसी देश की अर्थव्यवस्था के मूल स्रोत बन चुके हैं. भारत के प्रत्येक राज्य में कोई न कोई खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है. भारत में कर्नाटक राज्य खनिज संपदा के मामले में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है. यहाँ उच्च खनिज भंडार वाली पूर्व कैम्ब्रियन युग की चट्टानें हैं जो कम से कम 57 करोड़ वर्ष पुरानी है. कर्नाटक क्रोमाइट का सबसे बड़ा उत्पादक व मैग्नेसाइट उत्पादन करने वाले भारत के चुनिन्दा राज्यों में से एक है. यहाँ उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क, अभ्रक, ताम्र अयस्क, बक्साइट, रक्तमणि, तांबा, चूना पत्थर, एंटीमनी, सोना, चाँदी और संगमरमर का भी अकूत भंडार है.

भारत में सोने की खदानों की संख्या बहुत अधिक नहीं है. परंतु सोना सबसे अधिक खपत होने वाली धातुओं में से एक है. आज देश में परिष्कृत व आभूषणों के रूप में संग्रहित सोने का कुल भंडार 10,000 टन से भी अधिक है. आमतौर पर सोने की खदाने बहुत गहरी होती हैं. सोना निकालने की प्रक्रिया भी अत्यंत जटिल व कठिन होती है, इसीलिए सोना इतना कीमती होता है. भारत में सोने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य, कर्नाटक है. यहाँ हट्टी गोल्ड फील्ड, रामगिरी गोल्ड फील्ड और कोलार गोल्ड फील्ड सबसे महत्वपूर्ण स्वर्ण खदाने हैं. ये खदाने कोलार (केजीएफ़), धारवाड़, हासन और रायचूर (हट्टी गोल्ड फील्ड) जिलों में स्थित है. यहाँ भारत के कुल उत्पादन का 88.7% सोने का उत्पादन होता है. हट्टी भारत में एकमात्र ऐसी कंपनी है जो स्वर्ण अयस्क का खनन व प्रसंस्करण दोनों करती हैं. हट्टी गोल्ड माइंस लिमिटेड (एचजीएम एवं एचजीएमएल) के दो प्लांट्स है जो हट्टी और चित्रदुर्ग में स्थित है.

हट्टी गोल्ड माइंस

हट्टी की खदान संभवत: दुनिया की सबसे प्राचीन धातु की खदानों में से एक है. एक अनुमान के मुताबिक मौर्य काल में अशोक के शासन के दौरान यहाँ पर खनिकों द्वारा 2300 फीट से अधिक की गहराई से स्वर्ण अयस्क निकला जाता था. यह संभव है कि उस समय चट्टान को 'फायर-सेटिंग' यानी चट्टान को पहले आग से गर्म कर अचानक उस पर पानी डालकर तोड़ा जाता होगा. वर्ष 1955 में ऑस्ट्रेलिया के भूवैज्ञानिक डॉ. राफ्टर द्वारा किए गए कार्बन डेटिंग के सर्वे के अनुसार यहाँ पाए गए कुछ नमूनों की आयु 1985 वर्ष से भी पुरानी थी. सतह से लगभग 1,100 मीटर नीचे खुदाई करने के बाद तकनीकी कठिनाइयों के कारण 1920 में इस खदान को बंद कर दिया गया.

सन 1937 में हैदराबाद की निजाम सरकार ने स्थानीय बेरोजगारी की समस्या से निजात पाने के लिए इस खान को पुन: आरंभ करने का निर्णय लिया. 1940 तक कुछ संतोषजनक परिणाम के बाद प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन अयस्क की खुदाई के लिए संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया. लेकिन, संयंत्र आयात करने से पूर्व ही द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसका परिचालन स्थगित हो गया. वर्ष 1946 में युद्ध की समाप्ति के बाद इस परियोजना को पुन: शुरू कर वर्ष 1948 में प्रतिदिन 130 टन अयस्क खनन की दर से उत्पादन शुरू हुआ. 1972 तक यह दर बढ़कर 600 टन अयस्क प्रतिदिन हो गई. वर्ष 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के बाद कंपनी को कर्नाटक राज्य में स्थानांतरित कर दिया गया और हट्टी गोल्ड माइन्स लिमिटेड (एचजीएमएल) बना.

पिछले दशक में एचजीएमएल द्वारा लगभग 2100 किलोग्राम सोने का उत्पादन प्रतिवर्ष किया गया. अब इस खदान की गहराई लगभग 3000 फुट तक पहुंच चुकी है. अब तक हट्टी गोल्ड माइन ने लगभग 1700 टन सोने का उत्पादन पूरा कर लिया है. हाल के वर्षों में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कुछ ऐतिहासिक व नए कदमों को देखते हुए इन आंकड़ों में और इजाफा होने की उम्मीद है.

कोलार गोल्ड फील्ड (केजीएफ)

अस्सी के दशक में सोने की तस्करी वाली फिल्में देख मेरे मन में सोने की महिमा अपने आप बढ़ गयी थी. ऐसे में जब भूगोल की पुस्तक में पहली बार कोलार स्थित सोने की खदान के बारे में पढ़ा तो जिज्ञासा और अधिक बढ़ गयी. चाहे अनचाहे उस स्थान को देखने की इच्छा भी कहीं न कहीं मन में बैठ गयी. दशकों बाद, बेंगलूरु क्षेत्र में पदस्थ होने पर ज्ञात हुआ कि कोलार शाखा हमारे क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत ही आती है.

कहते हैं जहाँ चाह वहाँ राह. जनवरी, 2020 में क्षेत्र के सुरक्षा अधिकारी के साथ कोलार व गौनीपल्ली शाखाओं के निरीक्षण की योजना बनाई. इस यात्रा के दौरान हमें कोलार शहर से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित कोलार गोल्ड फील्ड अर्थात केजीएफ जाने का भी सुअवसर मिल गया. केजीएफ़ की सभी खदाने आज बंद हो चुकी हैं. खदान क्षेत्र में हमें एक अजीब सी खामोशी पसरी मिली. जंगली झाड़ियों के बीच बीच में अंग्रेजों द्वारा बनवाये गए कुछ पुराने हवेलीनुमा भवन नजर आ रहे थे. उनमें से अधिकांश खंडहर बन चुके थे और कुछ में स्थानीय सुरक्षा गार्ड रह रहें थे. खदान देखने हेतु भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड (बीजीएमएल) के मुख्यालय से यहाँ के मुख्य सुरक्षा अधिकारी की अनुमति से अंदर जाने दिया जा सकता था. हम लोग बीजीएमएल मुख्यालय जाकर वहाँ के मुख्य सुरक्षा अधिकारी से मिले. बीएसएफ़ से डेपुटेशन पर नियुक्त मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने हमें न केवल अंदर जाने की अनुमति प्रदान की वरन एक गाइड भी साथ में भेज दिया. गाइड वर्ष 2001 तक केजीएफ़ का कर्मचारी रह चुके थे. उनसे केजीएफ़ के बारे में जो जानकारियाँ प्राप्त हुई उन्हें यहाँ प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा हूँ.

बेंगलूरु से लगभग 100 किमी दूर स्थित कोलार स्वर्ण क्षेत्र (कोलार गोल्ड फील्ड- केजीएफ) संभवत: भारत में प्राचीनतम स्वर्ण भण्डार है. कोलार की खानों से निकले सोने के प्रयोग के शुरुआती साक्ष्य दो हजार साल पुरानी मोहनजोदड़ो और हड़प्पा संस्कृति में भी मिलते हैं. ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार यहाँ प्रथम शताब्दी में भी स्वर्ण की खुदाई होती थी. इसमें नौवीं व दसवीं शताब्दी के बीच चोल साम्राज्य और 16वीं सदी में विजयनगर साम्राज्य से लेकर 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में टीपू के काल तक की अवधि सम्मिलित है. सदियों तक केजीएफ़ से दक्षिण भारत के शासकों ने भारी मात्रा में स्वर्ण निकाला. कोलार के प्राचीन इतिहास पर नजर डाले तो पाएंगे कि 350-1000 ई. के दौरान कर्नाटक पर गंग वंश का शासन था और कोलार उनकी राजधानी हुआ करती थी. वर्ष 1004 में कोलार पर चोल वंश का शासन था. उस समय कोलार से निकाला गया सोना प्रसिद्ध बंदरगाह पूमपुहार लाया जाता था, जहां से उसे मदुरै के व्यापारियों और दूसरे देशों को बेचा जाता था.

अंग्रेज़ों के आने के पूर्व यहाँ के स्थानीय लोग छोटे-छोटे औज़ारों और तेल के दीयों की मदद से जमीन की सतह को खुरच कर सोना निकालने का प्रयास करते थे. सन 1799 में श्रीरंगपट्टनम के युद्ध में टीपू सुल्तान के मारे जाने के बाद अंग्रेज़ों ने उसके इलाक़े को मैसूर रियासत को सौंपने का फैसला किया. रियासत को सौपने से पूर्व सीमांकन हेतु जमीन के सर्वे के लिए 1802 ई. में ब्रिटिश पैदल सेना के कमांडर जॉन वॉरन को कोलार बुलाया गया. सीमांकन के दौरान स्थानीय खानों में हो रही गतिविधियों को देखकर वॉरन को हैरानी हुई. जांच पड़ताल के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि गांव वाले जिस तरीक़े से सोना निकाल रहे थे उससे हर 56 किलो मिट्टी से मात्र एक रत्ती सोना निकाल रहा है. उसने सोचा कि अगर इस काम में पेशेवर लोगों को लगा दिया जाय तो बड़ी मात्रा में सोना निकाला जा सकता है. तब से छह दशकों तक कई लोगों (ईस्ट इंडिया कंपनी सहित) ने सोना खोजने में अपनी किस्मत आजमाई. कई तरह की खोज व अध्ययन किये गये, लेकिन किसी को भी सोने का जखीरा नहीं मिल पाया.

सन 1871 ई. में तब एक बड़ा बदलाव आया जब अंग्रेज़ सेना से रिटायर हुआ आयरलैंड का माइकल फिट्ज़ गैराल्ड लावेले तत्कालीन बैंगलोर कैंटोनमेंट में बसने हेतु आया. न्यूज़ीलैंड के माओरी युद्ध के दौरान उसे खदानों में दिलचस्पी हो गई थी. जॉन वॉरन की पुरानी रिपोर्ट पढ़कर उसकी दिलचस्पी और बढ़ी. एक दिन बैलगाड़ी से सौ कि.मी. लंबा सफ़र तय करके वह कोलार पहुंच गया. अपने अनुभव के आधार पर लावेले ने स्वर्ण खनन के लिये कई स्थानों की पहचान की. दो साल से अधिक समय तक शोध करने के पश्चात उसने वर्ष 1873 में मैसूर सरकार को पत्र लिखकर खनन की अनुमति प्राप्त की. परंतु, कुछ आर्थिक कारणों से लावेले को वापस लौटना पड़ा.

उसके बाद वर्ष 1880 में लंदन की माइनिंग फार्म जॉन टेलर एंड संस ने कोलार की बागडोर संभाली और इतिहास बदल डाला. इस फर्म ने पहली बार यहाँ आधुनिक मशीनों से खनन शुरु किया और शीघ्र ही जखीरे तक पहुँच गये. इसके साथ ही कोलार के दिन भी बदल गए. एक समय तो ऐसा आया कि कोलार की खान दुनिया की सबसे गहरी और सबसे ज़्यादा सोना उत्पादन करने वाली खान बन गयी. इसी बीच कोलार गोल्ड फील्ड्स 1902 में बिजली की सुविधा पाने वाला सबसे पहला भारतीय व दूसरा एशियाई शहर बना.

आजादी के बाद 1956 में इन खदानों का राष्ट्रीयकरण हुआ और 1970 में भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड (बीजीएमएल) ने इन खदानों का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया. लेकिन शुरुआती सफलता के बाद सोने की कीमतों में आई गिरावट व बहुत गहराई से ख़र्चीले उत्खनन के कारण प्राप्त सोने के मूल्य परिचालन लागत से कम होने लगे, जिससे कंपनी की हालत खराब होने लगी. वर्ष 1989 कंपनी को बीमार इकाई घोषित कर दिया गया. खर्च कम करने के लिए इसके स्टाफ की संख्या 8800 से घटाकर 3500 कर दी गया. लेकिन बात नहीं बनी और 2001 में इसे बंद कर दिया गया. आज करीब 13 हजार एकड़ में फैला कोलार गोल्ड फील्ड किसी भुतहा कस्बे जैसा नजर आता है.

कोलार में आधुनिक खुदाई का काल 1880 से 2001 तक लगभग 120 वर्षों तक रहा. वर्ष 1980-90 के दशक में यहाँ धरती की सतह से 3 किमी नीचे तक खुदाई होती थी. आज भी विश्व में केवल दक्षिण अफ्रीका की एक खदान ही इससे ज्यादा गहरी है. जॉन टेलर के नेतृत्व वाली ब्रिटिश खनन कंपनी बड़े गर्व के साथ यह दावा करती थी कि यहाँ धरती में एक किलोमीटर नीचे से सीधे लंदन कार्यालय में बात की जा सकती है. इतनी अधिक गहराई में खुदाई हेतु विशेष उपकरण की आवश्यकता होती है जो ब्रिटेन से ही आयात किए जाते थे. जॉन टेलर ग्रुप द्वारा प्रतिस्थापित अधिकांश मशीनें 100 साल से ज्यादा पुरानी होने के बाद भी 1990 के दशक तक ठीक-ठाक काम कर रही थीं. एक अनुमान के अनुसार अंग्रेजों ने इस खदान से करीब 850 टन सोना निकाल कर अपने देश भेजा. उस समय भारत सोने के उत्पादन के मामले में दुनिया में छठे स्थान पर था. तब कोलार में प्रतिवर्ष लगभग 20 टन सोने का उत्पादन होता था.

बंद होने के बाद भी केजीएफ का अस्तित्व अभी समाप्त नहीं हुआ है. माना जाता है कि कोलार में अभी भी काफी सोना मौजूद है. आज भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़ा आयातक देश है. 2020 में भारत ने 34.6 अरब डालर का सोना आयात किया. सोने का आयात देश के लिए भुगतान असंतुलन की सबसे बड़ी वजह है. सोने के अत्यधिक आयात की वजह से भारत की जेब पर प्रति वर्ष करीब 2.6 लाख करोड़ रूपये का बोझ पड़ता है. कोलार की खदानों में फिर से उत्पादन शुरू होने पर इस बोझ में कुछ कमी आ सकती है. चूंकि, हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कोलार में सोने की खुदाई पुन: आरंभ करने का आदेश पारित करते हुए स्वर्ण खदानों की नीलामी की अनुमति भी प्रदान कर दी है. इससे लगता है कि भारत के प्रथम विद्युतीकृत शहर का भाग्य एक बार पुन: बदलने वाला है. खनिज पदार्थ प्रकृति के अनमोल उपहार हैं. पृथ्वी पर इनकी उपस्थिति अनादि काल से है. अत: इन्हें न तो बढ़ाया जा सकता है और न प्रत्यारोपित किया जा सकता है. एक समय बाद यदि यह संपदा खनन द्वारा निकाल ली गई तो फिर इसकी प्रतिपूर्ति नहीं हो सकती. अत: हमें इनका उतना ही दोहन करना चाहिए जितना कि हमारे लिए अपरिहार्य हो.

- कृष्ण कुमार यादव,
क्षे.म.प्र.का., बेंगलूरु

कर्नाटक का गौरव : मुरुडेश्वर शिव मंदिर

मुरुडेश्वर शिव मंदिर हमारे अंचल के क्षेत्रीय कार्यालय, मंगलूरु की कुमठा शाखा से मात्र 40 किमी व मंगलूरु शहर से 165 किमी उत्तर पश्चिम दिशा में उत्तर कन्नड़ा जिले की भटकल तहसील के मुरुडेश्वर नामक कस्बे में अरब सागर के तट पर स्थित है. कंदुक पहाड़ी पर तीन ओर से सागर से घिरा यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है. इस मंदिर में भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है, जिसकी कथा रामायण काल से जुड़ी हुई है. ऐसा माना जाता है कि अमरता पाने के लिए रावण शिवजी को प्रसन्न कर उनका आत्मलिंग अपने साथ लंका ले जा रहा था, तब रास्ते में इसी स्थान पर आत्मलिंग धरती पर रख दिये जाने के कारण वह वहीं पर स्थापित हो गया था. रावण ने आत्मलिंग उठाने की बहुत कोशिश की, परंतु असफल रहने पर गुस्से में इसे नष्ट करने का भी उसने प्रयास किया. इस घटना की पूरी कथा शिव पुराण में मिलती है.

The contribution of industry and manufacturing sector to Gross State Domestic Product (GSDP) stood at 22.01 per cent and 14.46 per cent during 2018-19 respectively. The State recorded INR 6,51,983 crore worth of exports in 2018-19, constituting 17.80 % of the country's export and the largest contributing sectors were software exports followed by engineering products, petroleum products, readymade, basic chemicals and pharmaceuticals.

Government has taken many initiatives to enhance its stature as one of the leading high-tech industrialized States in the country and is in the forefront of attracting investments from across the country and abroad in disruptive technologies viz. Artificial Intelligence, Automation, Data Analytics, Machine Learning, 3D Printing and Robotics, etc. As a result, the State ranks 1st in attracting investment intentions since 2016 and has attracted FDI of US$ 37.67 billion during the period April 2000 to March 2019, constituting 9 per cent of the all India FDI.

'Karnataka is a land of immense opportunity and innovation. It is ideally positioned to make the future happen today. The State's manufacturing progress is supported by critical enablers such as: thriving ecosystem, highly skilled and talented workforce, empowering institutional & policy environment; favorable business climate and robust infrastructure Robust Infrastructure to Support Industrial Growth: Infrastructure is central to the State's effort to deliver inclusive and robust growth. With good rail, road and air connectivity, logistic support, and excellent tele-communication network the State's robust physical infrastructure has created a conducive environment for industrial development.

We firmly believe that the state will emerge as a global leader in the areas of innovation & research with the inclusive and sustainable development.

- Akhilesh Shukla
STC Bengaluru

Agriculture in Karnataka

1. Introduction:

The history of Indian agriculture dates back to 10,000 years. Karnataka is India's eighth largest state in geographical area covering 1.92 lakh sq km and accounting for 6.3 per cent of the geographical area of the country.

In Karnataka, agriculture is the major occupation for a majority of the rural population. As per the population Census 2011, agriculture supports 13.74 million workers, of which 23.61 per cent are cultivators and 25.67 per cent agricultural workers. A total of 123,100 km² of land is cultivated in Karnataka constituting 64.6% of the total geographical area of the state. A large portion of agricultural land in the state is exposed to the vagaries of monsoon with severe agro-climatic and resource constraints. Agriculture employs more than 60 per cent of Karnataka's workforce.

Agriculture in Karnataka is heavily dependent on the southwest monsoon. While only 26.5 per cent of the sown area (30,900 km²) is under irrigation. The state ranks fifth in India in terms of total area under horticulture. It stands fifth in production of vegetable crops and third in fruit crop production. It is also the largest producer of spices, aromatic and medicinal crops and tropical fruits. It is the second largest milk-producing state after Gujarat. Karnataka is also the second largest producer of grapes in the country, and accounts for the 2 production of 12 per cent of total fruits, 8 per cent of total vegetables and 70 per cent of coffee in the country. It is the third largest producer of sugar and ranks fourth in sugarcane production. In floriculture, Karnataka occupies the second position in India. Karnataka is the major silk producing state in the country.

2. Soil types :

There are varied types of soils in Karnataka. Six broad groups of soil orders are recognized, based on differences in soil formation processes, as reflected in the nature and sequence of soil horizons. Black soils are found in northern Karnataka whereas red and red loamy soils are prominent in southern Karnataka. Laterite soils are found in malnad and coastal areas of the state. A brief description of the properties of these soil groups, along with their distribution across districts of Karnataka.

3. Land use pattern :



Land-use Pattern Land is a finite resource and its demand for diverse purposes is increasing day by day. There are large areas of utilizable but wasteland resources. Moreover, the pressure of commercialization is increasingly forcing out productive land resources for nonagricultural uses. Considering the importance of land use and policy, the Government of Karnataka brought out a document on land use policy recently (GoK, 2003). The analysis of land use data from 1966 to 2009 indicates structural changes in land use pattern. Areas under permanent pasture decreased consistently and areas under nonagricultural uses increased sharply during the past four decades.

4. Cropping Pattern:

Agriculture in Karnataka is mainly done over 3 seasons:

- Kharif (April to September)
- Rabi (October to December)
- Summer (January to March)

The Kharif crops in Karnataka comprise millets, paddy (rice), maize, moong (pulses), groundnut, red chillies, cotton,

soyabean, sugarcane, rice, and turmeric. It is also known as the Autumn harvest as it is cropped with the beginning of the first rains in the month of July. The major Rabi crops of Karnataka are wheat, barley, mustard, sesame, and peas. It is popularly known as the spring harvest in parts of Karnataka. Karnataka is one of the major producers of rice among all other states in India. Rice is the food crop harvested by Karnataka agriculture and sugarcane is the cash crop. Other cash crops sown in Karnataka agriculture apart from sugarcane are cashews, cardamom, betel (areca) nut, and grapes. The cool slopes of western ghats are well-known for coffee and tea plantations whereas the eastern regions are widely known for producing a heavy amount of sugarcanes, a bit of rubber plants, and fruits such as oranges and bananas.

5. Irrigation Pattern :

Irrigation plays an important role in improving production and productivity of agriculture. It facilitates adoption of improved technologies and increases cropping intensity thereby 13 making optimum use of a finite resource i.e., land. There has been a gradual increase in the irrigated area in the state. The gross irrigated area has increased steadily from 9.06 lakh ha during 1960-63 to 27.45 lakh ha during 1990-93 and touched 41.87 lakh ha for the triennium ending 2008-11. The net irrigated area is 34.90 lakh ha at the triennium ending 2008-11.

6. Horticulture Karnataka:

Karnataka is endowed with diverse agro-climatic conditions enabling it to grow a variety of horticultural crops such as fruits, vegetables, flowers, spices and plantation crops. The plantation and horticulture sector plays a vital role in the economy of the state. Though the area under horticultural crops had a share of less than 15 per cent of the net cultivated area of the state, the income generated from the sector accounts for 40 per cent of the total income from the agriculture sector. Karnataka is implementing the National Horticulture Mission (NHM) programme from 2005-06. The coverage of NHM increased from 15 districts in 2005-06 to 30 in 2010-11.

7. Animal Husbandry :

Animal husbandry and dairy farming are important sources of supplementary income to farmers. Livestock also helps in reducing the variability in income of farm families and insulates them from risk. Animal husbandry contributes about 3 per cent to the GSDP of Karnataka and roughly 22 per cent to the state GSDP generated from agriculture as a whole. Karnataka is a leading state in milk production in the country and has a good network of milk co-operative societies, milk-chilling plants, veterinary hospitals, AI centres, etc. Karnataka ranks third in sheep population and sixth in egg production (GoK, 2012). The bovine (cattle and buffaloes) population of the state was 152 lakh in 1997, but declined to 135 lakh in 2003. However, as per the 18th Livestock Census, bovine population has increased to 148 lakh in 2007. The sheep and goat population in the state reached 157 lakh in 2007 from 117 lakh during the 17th Livestock Census of 2003, a 33 per cent growth during the five-year period. Poultry population in the state increased by more than 70 per cent between 17th and 18th Livestock Census.

8. Fisheries :

Fisheries Karnataka has a 300-km coastline with a continental shelf of 27,000 sq km and 5.60 lakh hectares of inland waters. The total fish production in Karnataka was aroud 2 lakh tonnes in the early eighties and reached more than 5 lakh tonnes in 2010-11.

- Deepak N S
STC, Aluva

सुधा मूर्ति के साहित्य में कर्नाटक की झलक

कहते हैं कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और यह उक्ति चरितार्थ होती दिखाई देती है सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाजसेवी श्रीमती सुधा मूर्ति के द्वारा लिखे गए संस्मरणों, कहानियों, जीवन वृत्तांतों एवं उपन्यासों में. वैसे सुधा जी का नाम किसी परिचय का मोहताज तो नहीं है, फिर भी पाठकों की जानकारी हेतु हम बताना चाहते हैं कि श्रीमती सुधा मूर्ति ने एक सुप्रसिद्ध इंजीनियरिगं महाविद्यालय से इलेक्ट्रिकल विषय लेकर स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और वह भी ऐसे समय में जब अपने देश में इंजीनियरिंग की वृत्ति महिलाओं के लिए खुली न हीं थी. जब वे अपने महाविद्यालय में पहुंची तो उनके प्राचार्य उन्हें लेकर बहुत सशंकित हो गए थे. वे प्रवेश तो किसी तरह पा गईं, किंतु पूरे चार वर्ष उनकी परीक्षा प्रतिदिन होती रही. एक अकेली लड़की को देखकर मनचले एवं दंभी, दोनों ही किस्म के लड़के उन्हें अपना शिकार बनाया करते थे. कभी बातों की चुभन से उन्हें दुखी करते तो कभी स्पष्ट व्यंग्योक्तियों द्वारा पीड़ित करने का कोई मौका न छोड़ते थे. ऐसे में वे अपने दृढ़ चरित्र एवं लगनशीलता के बल पर न केवल सब में अव्वल रहीं, अपितु तत्कालीन मुख्यमंत्री (कर्नाटक राज्य) से स्वर्ण पदक प्राप्त कर गौरवशाली युवती के रूप में भी उभरीं. इतना ही नहीं उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान (बेंगलुरु) से कम्प्यूटर विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर उपाधि में भी स्वर्ण पदक प्राप्त कर एक बार पुन: स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध किया. आगे चलकर वे आज की टाटा मोटर्स एवं उस समय की टेल्को कम्पनी में काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर के रूप में स्थापित हुईं. उनकी समान विचारधारा वाले नारायण मूर्ति से मुलाकात हुई तथा उनके साथ आजीवन का संबंध स्थापित हुआ, किंतु इससे आगे इंफोसिस नामक नामधन्य कम्पनी को शुरू करने के लिए आपने अपनी जमा पूँजी जो आज महज रु. 10,000 लगती हो, किंतु उस समय एक बड़ी रकम थी, प्रदान की थी. इस बात को श्री नारायण मूर्ति आज भी बहुत गर्व के साथ बताते हैं.

सुधा मूर्ति ने इंफोसिस फाउंडेशन के माध्यम से सेवा का जो कार्य आगे बढ़ाया है, उसकी दूसरी मिसाल देशभर में मिलनी कठिन है. उनके साहित्य में आदर्शवाद एवं यथार्थवाद का समन्वय है. एक ओर उनके साहित्य में नायिकाएं सशक्त, सुदृढ़ एवं ऊँचे व्यक्तित्व की धनी हैं, तो दूसरी ओर वे मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत एवं अपनी संस्कृति से गहरा लगाव रखने वाली, जड़ों को पहचानने वाली भी हैं. उनके साहित्य में उत्तरी कर्नाटक के चार जिलों धारवाड़, कारवाड़, हुबली एवं बेलगाँव का बहुत सुंदरता के साथ वर्णन हुआ है. लेकिन यदि व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो लगता है कि उनका साहित्य स्वयं में संपूर्ण भारतीयता को समेटे हुए है.

संभवत: शिक्षित होने एवं शिक्षा के प्रति कर्नाटक राज्य के निवासियों का प्रारंभ से ही विशेष आग्रह रहा है और यह बात सुधा जी को उनके पिताश्री से विरासत में मिली जान पड़ती है. उन्होंने ऐसे हजारों बच्चों की सहायता का बीड़ा उठाया जो प्रवीणता की सूची में तो ऊपर थे, किंतु समस्याओं के चलते अपनी शिक्षा को आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे. ऐसे बच्चों के उत्थान में उन्होंने कोई कसर न छोड़ी. यह उदाहरण किसी समाज द्वारा अपने पीछे छूट जाने वाले हिस्से को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट तौर पर दर्शाता है.

साठ और सत्तर के दशक में कर्नाटक का समाज बहुत सारे नवाचारों से होकर गुजर रहा था. जहाँ एक ओर देश पुरानी पीढ़ी, अपनी परम्पराओं क साथ जीवन जीना चाहती थी तो दूसरी ओर नई ऊर्जा और उत्साह के साथ नव युवा वर्ग भविष्य की ओर देख रहा था. ऐसे में किसी चिकित्सक एवं शिक्षकों के परिवार से संबंध रखने वाली युवती का इंजीनियर बनना और फिर एक कॉर्पोरेट के रूप में उभर कर सामने आना तथा आगे चलकर समाजसेवी और साहित्यकार के रूप में परिणित हो जाना, इतना सब कुछ क्या दर्शाता है? इससे हमारे सामने कर्नाटक की ऐसी छवि दृष्टिगत होती है जिसने उत्तर भारत की तुलना में कई दशक पहले स्वयं को बहुत सी बुराइयों से मुक्त कर लिया था.

यदि बात प्रथाओं की करें तो हम पाते हैं कि बहुदा पुरानी परम्पराएं यदि परिवर्तित नहीं होती हैं तो वे कुप्रथाओं में बदल जाया करती हैं. ऐसे में सुधा मूर्ति द्वारा उत्तर कर्नाटक की देवदासियों के लिए किये गए अथक परिश्रम को कैसे भुलाया जा सकता है. उन महिलाओं का जीवन समाज की रुढ़ियों ने बिल्कुल नारकीय बना दिया था और

उनके साथ काम करके उन्हें समाज की मुख्यधारा मे लाना कठिनाई भरा एवं चुनौती पूर्ण काम था. किसी कॉर्पोरेट जगत से जुड़ी महिला द्वारा उनके उद्धार हेतु सामने आना उनके लिए सहज ढंग से स्वीकार्य न हो सका और एक वर्ष तक तो देवदासियों के साथ वे घुल-मिल भी न सकीं, किंतु वे हार कहाँ मानने वाली थीं. सुधा जी जब पहली बार देवदासियों के क्षेत्र में उनसे मिलने गईं तो उन्हें अपशब्द सुनने पड़े, किंतु उनके पिता ने उन्हें धैर्य तथा ढाढ़स रखना सिखाया. यही कारण है कि सालों मेहनत करने के पश्चात् उन्होंने उस स्थान से न केवल देवदासी प्रथा को समाप्त किया, बल्कि उन महिलाओं व उनके परिवार को स्वाभिमान एवं स्वावलंबन का जीवन जीना भी सिखाया. सम्मान के तौर पर सुधा जी को उन महिलाओं ने बुनाई करके एक शानदार कंबल भेट किया जिसमें 3000 टाँके थे जो प्रत्येक उस महिला का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जिन्हें सुधा जी की मेहनत एवं दृढ़ संकल्प ने मुक्ति का पथ दिखलाया था. पुस्तक 3000 हजार टाँके में इस कहानी का बहुत सुंदर वर्णन हुआ है.

युवा वर्ग की लालसा और महत्वाकांक्षाएं कई बार उन्हें पतन के उस मार्ग पर ले जाती हैं, जहाँ से वापस आ पाना बहुत मुश्किल जान पड़ता है. उत्तर कर्नाटक के युवा या तो बेंगलुरु को अपना अंतिम ध्येय बना लिया करते थे या फिर मुम्बई को. दोनों स्थान चकाचौंध से भरपूर थे, किंतु उन स्थानों की चमक कई बार युवाओं को और विशेष रूप से सुधा जी की महिला पात्रों को अखरने भी लगती हैं. वे अपने उस चमक-दमक से भरे महानगरीय वातावरण को छोड़कर पुन: अपने छोटे से गाँव में लौट भी आती हैं. हालाँकि पुरुष पात्रों को ऐसा करने में बहुत कठिनाई अनुभव होती हैं. उनकी कहानियों में ऐसे वृद्ध पात्र हैं जिन्हें पैसे से नि:स्वार्थ प्रेम होता है. वे पैसे को बचाना और कमाना ही अपना ध्येय समझते हैं. गाँव में रहने वाली और दुकान चलाने वाली महिलाओं के दर्शन भी सुधा जी के साहित्य का हिस्सा हैं.

'और बकुला गिर गया' नामक उपन्यास एक महिला के उस संघर्ष की कहानी है जिसमें वे उत्तर कर्नाटक के एक गाँव में रहकर अपने हमउम्र विद्यार्थी को मात देकर प्रदेश की प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करती हैं. युवा होने पर उसी युवक से प्रेम हो जाता है. पारिवारिक बाधाओं के बावजूद दोनों विवाह कर लेते हैं और पुन: एक नए जंजाल में वे फँस जाती हैं. उस जंजाल को जो कि किसी कॉर्पोरेट की गृहस्थी चलाने में होता है, उस युवती का प्रेम उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है. यही प्रेरणा उसे उक्त जंजाल को काट बाहर निकलने की प्रेरणा प्रदान करता है. उस युवती ने अपनी उड़ान को देश की सीमाओं से परे पहुँचाया और दुनिया ने भौंचक होकर उसे देखा.

किसी एक की समृद्धि दूसरे की उच्चाकांक्षाओं में परिणित होती है. जो कुछ हम न कर सके या जो कुछ हमसे न हो सका, उसे अपने बच्चों से करवाने की चाहत भी व्यक्ति को पतन के मार्ग पर ले जाती है. जब आँखें खुलती हैं, तब संस्कारों एवं संस्कृति की ओर लौटने की चाहत जोर पकड़ने लगती है. सुधा जी का उपन्यास 'डॉलर बहू' इस तरह के वृत्तांत पर आधारित है, जहाँ एक माँ किसी भी हाल में अपने पुत्र को अमेरिका भेज देती है और स्वयं भी वहाँ जाकर रहने का प्रयास करती है, किंतु चकाचौंध भरा जीवन उसके सपनों को चूर-चूर कर देता है. किसी भी विकसित होते समाज में इस तरह की परिस्थितियाँ प्राय: देखने को मिला करती हैं. कर्नाटक जैसे राज्य में जो कुछ घटा वह आज उत्तर भारत में भी हो रहा है.

'वाइज ऐंड अदरवाइज' नामक पुस्तक जिसका अनुवाद 10 भारतीय भाषाओं में हुआ है, सुधा जी के जीवन पर आधारित है और उनके अपने संस्मरणों को कहने वाली एक बहुत रोचक एवं सुंदर कृति है. यह पुस्तक एक ईमानदार विद्यार्थी की कहानी से शुरू होती है जो न केवल लगनशील है, बल्कि स्वयं पर उपकार करने वाले का धन बचाने में विश्वास रखता है. ऐसे निष्ठावान व्यक्ति ही तो आगे चलकर प्रदेश व देश के लिए गौरव हासिल करते हैं. इसी तरह से द्वंद्व नामक उपन्यास में एक ऐसे युवा की कहानी है जिसे ज्ञात होता है कि वह अपने माता-पिता की संतान न होकर किसी अन्य प्रदेश के व्यक्ति की संतान है. जब वह अपनी जैविक माँ से मिलता है तो उसे पता चलता है कि वह तो किसी रेड इंडियन की संतान है. इतना सब होने पर वह अपनी जड़ों की खोज करने अमेरिका जाता है और वहाँ उसे एक अलग ही संस्कृति और संस्कारों के दर्शन होते हैं, जिससे उसकी अपनी जड़ों की तलाश की चाहत समाप्त हो जाती है.

जो कुछ आज उत्तर में हो रहा है, संभवत: दक्षिण में वह पहले घटित हुआ होगा. महानगरों में पढ़े-लिखे वर्ग का आप्रवासन हो या अपने संस्कारों को छोड़कर पाश्चात्य संस्कार अपनाने की विवशता, सब कुछ दक्षिण में पहले आया. यही कारण है कि सुधा जी के साहित्य में वे सारी बातें हैं जो आज उत्तर भारत में दिखाई दे रही है. देश में पीढ़ियों के बीच का जो अंतर सदियों से चला आ रहा है, पिछली शताब्दी में उसकी खाई कुछ अधिक चौड़ी हो गई सी लगती है. रुढ़ीवादी समाज छुआछूत को मानता रहा, किंतु विकासवादी नई पीढ़ी को पुरानी बातें पसंद न थीं.

दक्षिण भारत से खाड़ी के देशों में जाने वाली महिलाओं की करुण कथाएं भी सुधा जी ने बहुत ही मर्मस्पर्शी लिखी हैं. उन्होंने ऐसी कथाएं न केवल लिखीं बल्कि उन महिलाओं हेतु बहुत कुछ किया भी. सुधा मूर्ति के साहित्य में हमें इतना कुछ मिल जाता है जो कर्नाटक में न रहते हुए भी वहाँ का निवासी होने जैसी अनुभूति प्रदान करता है.

यदि आप भी साहित्य प्रेमी हैं और इसके माध्यम से स्थान-स्थान पर भ्रमण करने में रुचि रखते हैं, तो सुधा मूर्ति के साहित्य में कर्नाटक की झलक अवश्य देखने का प्रयास कीजिये.

- अर्पित जैन
क्षे.का., भोपाल (दक्षिण)

Match the Parameters (A) with Parameter (B)

No	Parameter (A)	No	Parameter (B)
1	When was Karnataka formed?	1)	K. Chengalaraya Reddy
2	When was Bangalore renamed as Bengaluru?	2)	D. Devaraj Urs (7 Years 234 Days)
3	When was Mysore renamed as Karnataka?	3)	Belagavi
4	Which City is known as the Silicon Valley Of India?	4)	Kempe Gowda I
5	First Chief Minister of Karnataka (Then Mysore)?	5)	1st November 2014
6	Who is the Longest-Serving Chief Minister of Karnataka?	6)	Agumbe
7	Which Sea is located on the Western Side of Karnataka?	7)	Bengaluru
8	How many Indian States surround Karnataka?	8)	1st November 1956
9	Who is considered the Father of Carnatic Music?	9)	Hubli
10	How many Districts are there in Karnataka?	10)	1909
11	What is the Nickname of Karnataka?	11)	Mamatha Poojary
12	Which City of Karnataka is also known as “Land Of Jowar Roti And Groundnut Chatni”?	12)	Issuru
13	Which is the Highest waterfall in Karnataka?	13)	six
14	Which is the Second-Highest plunge waterfall in India that drops vertically without touching the underlying cliff face?	14)	Arabian
15	What is the State Festival of Karnataka?	15)	M. Visvesvaraya
16	Which is the First Kannada Newspaper?	16)	Chamarajanagar
17	Who founded The Printers (Mysuru) Private Limited and began publishing two newspapers “Deccan Herald” and “Prajavani”?	17)	Jog Falls
18	How many times was President’s Rule imposed in Karnataka?	18)	Vijayapura (Bijapur)
19	Which is the Largest District of Karnataka?	19)	Ramanagara
20	Which city is also known as Chota Bombay?	20)	Coorg
21	Who founded Bangalore?	21)	30
22	When was the Indian Institute of Science established?	22)	Science City Of India
23	In which District Bandipur National Park is located?	23)	K. N. Guruswamy
24	Which Place is Known as Scotland Of India?	24)	Sati Sulochana
25	Who was the First Person to receive the Bharat Ratna Award from Karnataka?	25)	Mysore Dasara
26	Name the first Kannada Movie?	26)	6 Times
27	Which town is known as the Silk Town of Karnataka?	27)	Mangaluru Samachara
28	Name the first village to be declared Independent in Karnataka?	28)	1973
29	Who is Known as the Kabaddi Queen of Karnataka?	29)	Kunchikal Falls (455 m)
30	Which place is known as Cherrapunji of Karnataka?	30)	Purandara Dasa

- U Sethupitchai
Kochadai Branch, Madurai

Please find the answers of this quiz in this issue only

नयी प्रतियोगिता / New Contest

फोटो - जॉन अब्राहम
क्षे.म.प्र.का, मंगलूरु

कविता लिखें / Compose Poem

क्या यह तस्वीर आपकी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित कर रही है? तो फिर इंतजार कैसा? फौरन अपने की-बोर्ड पर उंगलियाँ चलाना शुरु करें और हमें sulabhakore@unionbankofindia.com पर इस तस्वीर से संबंधित बढ़िया सी कविता अधिकतम 20 पंक्तियों में लिखकर ई-मेल करें.

आप अपनी प्रविष्टि 'संपादक, यूनियन धारा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, तल मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021' इस पते पर भी प्रेषित कर सकते हैं.

कविता अंग्रेजी या हिंदी में भेजी जा सकती हैं. दोनों ही श्रेणियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं.

विजेताओं का नाम यूनियन धारा के अगले अंक में प्रतियोगिता कॉलम में प्रकाशित किया जाएगा और मानदेय प्रदान किया जाएगा. कृपया नोट करें कि यह प्रतियोगिता सिर्फ बैंक के सेवारत कार्मिकों के लिए ही है .

जल्दी करें, प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अक्तूबर, 2021 है,

संपादक

Does this photograph fire your imagination or spontaneously inspire you to express your feelings? Then what are you waiting for? Start Keying in and and e-mail us your superb, classy poem, not exceeding 20 lines, relating to this photograph to `sulabhakore@unionbankofindia.com' .

You can also send your entries to `Editor, Union Dhara, Union Bank of India, Central Office, Union Bank Bhavan, Ground Floor, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai-400021'. The poem can be sent in English or Hindi. Both the categories have different prizes.

Name of Prize winners will be published in 'Contest Column' of next issue of Union Dhara and honorarium will also be awarded. Please note that this contest is open only for the working staff members of the Bank.

Hurry up the last date to receive entries is 20th October 2021.

Editor

'यूनियन धारा' प्रतियोगिता क्रमांक 156 - 'कविता लिखें' पुरस्कार प्राप्त योगदानकर्ता

पुरस्कार	हिन्दी खण्ड	अंग्रेजी खण्ड
प्रथम	**श्री भरत परिहार,** सांचोर शाखा, उदयपुर	**श्री रवि लाधावाला,** क्षे. का. राजकोट
द्वितीय	**श्री अजय कुमार प्रसाद,** क्षे. का. काकीनाड़ा	**श्री दिव्योजित नाथ,** हैदराबाद-सैफाबाद
तृतीय	**श्री रूपेश कुमार उपाध्याय,** क्षे. का. अहमदाबाद	**सुश्री मिताली बोस,** क्षे. का. नासिक
प्रोत्साहन	**श्री सुनील रोलिया,** किशनगढ़ शाखा, जोधपुर	**सुश्री पद्मा,** गोरखपुर शाखा, जबलपुर

Answers for Quiz (From Page No. 91)

Answer : 5, 6, 19, 21, 2, 30, 4, 1, 20, 22, 29, 28, 8, 7, 25, 23, 14, 12, 27, 24, 10, 11, 17, 26, 15, 18, 16, 3, 13, 9

Award Gallery

On 07th April, 2021, Union Bank of India won major awards viz "Best Strategy in HR 2020" and prestigious honor of "HR Oriented CEO Award 2020" conferred on Bank's MD&CEO, Shri Rajkiran Rai G. at the Apex India HR & Business Excellence Awards 2020.

The Apex India Foundation, Delhi honors individuals and organizations for their outstanding contribution towards HR good practices and business excellence through its annual award program with a thorough selection process by an elite jury of notable personalities. The awards recognize the excellent work carried out by the Bank adopting best practices and its quest to provide a completely digital employment experience.

दि. 06 अप्रैल 2021 को नई दिल्ली में अपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार श्री पवन कुमार दास, क्षेत्र महाप्रबंधक, दिल्ली द्वारा प्राप्त किया गया.

समाचार (केंद्रीकृत)

Shri Rajkiran Rai G, Managing Director & CEO, Shri Gopal Singh Gusain, Shri Dinesh Kumar Garg, Shri Manas Ranjan Biswal and Shri Nitesh Ranjan, Executive Directors, Union Bank of India at the Press Conference held in Mumbai on the occasion of announcement of Q1 Financial Results for Quarter ended June 30, 2021.

दि. 01 जुलाई, 2021 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सशस्त्र पुलिस मुख्यालय, नायगाँव, दादर पूर्व, मुंबई स्थित मुंबई पुलिस अपर आयुक्त कार्यालय में सशस्त्र पुलिस कर्मियों को यशलोक वेलफ़ेयर फाउंडेशन के सहयोग से उनके अच्छे कार्यों व साहसिक प्रयासों के लिए, मानसून से बचाव के लिए रेनकोट प्रदान किए गए. ये रेनकोट शहरी और ग्रामीण भारत के वंचित एवं बेरोजगार वर्ग के पुरुषों व महिलाओं द्वारा बनाए गए हैं, जिन्हें इस प्रकार के रोजगार का एक स्थायी स्रोत प्रदान किया गया है.

समाचार (उत्तर)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षे.म.प्र.का. एवं क्षे.का. वाराणसी द्वारा 'योग शिविर' का आयोजन किया गया. यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, वाराणसी में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री बिकास कुमार, अंचल प्रमुख, वाराणसी; श्री सुनील कुमार, क्षेत्र प्रमुख, वाराणसी सहित 40 से अधिक कर्मियों ने सहभागिता दी.

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट शाखा, क्षे.का., भोपाल (सेंट्रल) के एटीएम के नए परिसर का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर श्री अभिजीत बसाक, क्षेत्र महाप्रबंधक, भोपाल; श्री अखिलेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख भोपाल (सेंट्रल), श्रीमती दीपिका मालवीय, शाखा प्रबंधक और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

क्षे.का. भोपाल (सेंट्रल) की आनंद नगर एवं लोहरदा शाखा ने डॉ. अजीत मराठे, उप अंचल प्रमुख, श्री अखिलेख कुमार, क्षेत्र प्रमुख एवं श्री अजित लालवानी की उपस्थिति में ऋण कैंप का आयोजन किया गया.

दि. 25.06.21 को क्षे.का. भोपाल सेंट्रल के रोलआउट की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया. भोपाल अंचल प्रमुख, श्री रूपलाल मीना तथा उप अंचल प्रमुख, डॉ. अजीत मराठे की उपस्थिति में केक काट कर शुभकामना संदेश दिया गया तथा साथ ही सभी को कोरोना टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया.

दि. 17 जून 2021 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (NSIC) के मुख्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटिड (NSIC) द्वारा लघु उद्योगों को ऋण सहायता प्रदान करने हेतु करार निष्पादित किया गया. इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से श्री पवन कुमार दास, क्षेत्र महाप्रबंधक, दिल्ली एवं श्री अजय कुमार, क्षेत्र प्रमुख, दिल्ली (दक्षिण) व एनएसआईसी से पी रवि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं श्री गौरांग दीक्षित, निदेशक (वित्त) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

एमपी नगर ईसीबी शाखा द्वारा इस वर्ष का सबसे बड़ा कार लोन (बीएमडब्ल्यू) शाखा के बहुमूल्य ग्राहक एवं भोपाल जिले के नामी प्रतिष्ठित बिजनेसमैन श्री संजीव अग्रवाल को स्वीकृत एवं वितरित किया गया. कार लोन की चाबी क्षेत्र प्रमुख, भोपाल (सेंट्रल), श्री अखिलेश कुमार द्वारा उनके कार्यालय में जाकर प्रदान की गयी. इस लोन को स्वीकृत कराने में हमारी एमपी नगर ईसीबी शाखा की क्रेडिट टीम, मार्केटिंग अधिकारी, क्षेका क्रेडिट टीम तथा आंचलिक क्रेडिट टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.

दि. 28.06.21 को यूनियन समृद्धि केंद्र के रोल आउट की द्वितीय वर्षगांठ का आयोजन भोपाल अंचल प्रमुख, श्री रूपलाल मीना, उप अंचल प्रमुख डॉ. अजीत मराठे एवं श्री अखिलेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख भोपाल (सेंट्रल) की उपस्थिति में किया गया. यूनियन समृद्धि केंद्र के शाखा प्रबन्धक, श्री संदीप श्रीवास्तव ने पीपीटी के माध्यम से शाखा के कारोबार संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देकर शाखा की आगामी कार्ययोजना के विषय में अवगत कराया.

समाचार (पूर्व)

दि. 05.06.2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्टा.प्र.केंद्र, भुवनेश्वर में स्टाफ सदस्यों के बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया.

दि. 21.06.21 को विश्व योग दिवस के अवसर पर स्टा.प्र.केंद्र, भुवनेश्वर के प्रेक्षागृह में स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवार सदस्यों द्वारा योग किया गया.

समाचार (पश्चिम)

क्षे.का. अमरावती के अंतर्गत नांदेड़ शाखा द्वारा दि. 28 जून 2021 को भारत सरकार के 'सबको मुफ्त वैक्सीन' अभियान का शुभारंभ ग्राहकों के मध्य किया गया.

दि. 05.06.21 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डभोई रोड शाखा, बड़ौदा के परिसर में श्री सत्यजीत महांती, क्षेत्र प्रमुख, की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सीएजी प्रभारी, श्री मनोज कुमार जैन एवं विपणन अधिकारी के साथ उपस्थित शाखा के सभी स्टाफ सदस्य.

दि. 10.06.21 को श्री सी. वी. मंजूनाथ, क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद द्वारा क्षे.का. बड़ौदा का दौरा किया गया. क्षेत्र प्रमुख, श्री सत्यजीत महांती; श्री जीतेंद्र कुमार सामल, उप क्षेत्र प्रमुख ने बड़ौदा क्षेत्र में उनका स्वागत किया. इस अवसर पर शाखा प्रमुखों एवं क्षेत्र के स्टाफ-सदस्यों की बैठक भी आयोजित की गयी एवं छ:माही के दौरान उत्कृष्ट कार्यनिष्पादक शाखाओं को पुरस्कृत भी किया गया.

दि. 25.06.2021 को क्षे.का. आणंद का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 'प्रथम वर्षगांठ समारोह' का आयोजन किया गया. इस अवसर पर क्षे.का. आणंद के क्षेत्र प्रमुख, श्री राजेश कुमार झा और क्षे.का. बड़ौदा के क्षेत्र प्रमुख, श्री सत्यजीत महांती एवं अन्य स्टाफ सदस्य केक काटते हुए.

दि. 05.06.21 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर क्षे.का., बड़ौदा द्वारा क्षेत्र के स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए 'ऑनलाइन चित्र प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में कुल 26 बच्चों ने प्रतिभागिता की.

क्षे.का. पुणे (पश्चिम) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों के लिए सुबह विशेष योग सत्र' का आयोजन किया गया. इस सत्र में कुल 108 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भाग लिया. इसके अतिरिक्त एक ऑनलाइन 'योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया. जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

दि. 21.05.21 को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर जागरुकता हेतु शपथ लेते हुए श्री एस. ए. राजकुमार, क्षेत्र प्रमुख, मदुरै के साथ क्षेत्र के अन्य स्टाफ सदस्य.

दि. 26 जून 2021 को कोरोना टीकाकरण अभियान हेतु क्षे.का. कोषिक्कोड द्वारा स्टाफ सदस्यों के लिए कोरोना टीकाकरण कैम्प आयोजित किया गया. कैम्प का उद्घाटन, श्री नरसिंह कुमार आर, उप क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा किया गया. कुल 128 स्टाफ सदस्यों ने इस कैम्प में भाग लिया.

FGMO, Visakhapatnam has sponsored 20 traffic barricades for road safety to traffic inspectors on 17.4.21 at Maddilapalem junction, Visakhapatnam. Mr. Kumara Swamy, ACP, Traffic Zone-I. Visakhapatnam receiving 'certificate of handing over of traffic barricades' from Mr.B.Srinivasa Setty, FGM, Visakhapatnam. Also seen Mr.G.N.Gami, DZH, Visakhapatnam; Mr. Ajay Kumar, RH, Visakhapatnam; Mr. BKVSS Gurunadha Rao, AGM; Mr. S. Jaya Raj, AGM, FGMO, Visakhapatnam

दि. 20 जून 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षे. का. कोषिक्कोड द्वारा 'सहज योग' कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन श्री टी ए नारायणन, क्षेत्र प्रमुख द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि, डॉ संध्या के रामकृष्णन, पूर्व राज्य स्तरीय सहज योग संयोजक तथा मुख्य वक्ता, सुश्री विजयलक्ष्मी शशीकुमार, सेवानिवृत्त, मुख्य प्रबंधक, एसबीआई थें.

दि. 05 जून 2021 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर स्टाफ महाविद्यालय, परिसर में श्री हृषीकेश मिश्रा, प्राचार्य एवं उप महाप्रबंधक; श्री सिबिल प्रधान, उप प्राचार्य एवं सहायक महाप्रबंधक; श्री शिवकुमार शुक्ला, सहायक महाप्रबंधक एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधा-रोपण किया गया.

दि. 21.06.21 को क्षे.का., राजमुन्द्री के अंतर्गत मिर्थीपाडु शाखा के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए श्री के एस डी शिव वरप्रसाद, क्षेत्र महा प्रबन्धक, विशाखापट्टनम. साथ में है, श्री येसुदास बाबू, शाखा प्रबन्धक, मिर्थीपाडु शाखा.

दि. 25.6.21 को क्षे.का., विशाखापट्टनम में आयोजित पीएम स्वनिधि लोन वितरण मेला में लाभार्थियों के साथ, श्री केएसडी शिव वरप्रसाद, क्षेत्र महा प्रबन्धक; श्री जी एन गामी, उप अंचल प्रमुख; श्री एस अरविंद कुमार, क्षेत्र प्रमुख, विशाखापट्टनम एवं स्थानीय शाखा प्रबन्धक गण उपस्थित रहे.

क्षे.का., कलबुर्गी के अंतर्गत दि. 18.06.2021 को क्षेत्र प्रमुख, श्री एच. जी. अरविंद (बाएँ से प्रथम) की अध्यक्षता व उप क्षेत्र प्रमुख, श्री एस. जी. राजकुमार की उपस्थिति में श्री क्षेत्र धर्मस्थल ग्रामीण विकास परियोजना (एसकेडीआरडीपी) के क्षेत्रीय निदेशक, श्री शिवराया प्रभु ने क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पौधा लगाकर कारोबार संवाददाताओं (बिजनेस करेस्पंडेंट) के लिए आयोजित चिंतन मंथन शिविर का शुभारंभ किया.

दि. 26.06.21 को क्षे.का. बेंगलूरु (उत्तर) द्वारा स्टाफ सदस्यों और आम नागरिकों के लिए कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. श्री डी चंद्रमोहन रेड्डी, क्षेत्र महाप्रबंधक ने शिविर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर श्री एम आर मनोहर, क्षेत्र प्रमुख; श्री के दिनकर, उप क्षेत्र प्रमुख; क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यपालक गण एवं स्टाफ सदस्य सहित शिविर में 175 से भी अधिक लोगों ने टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया.

रिटेल बूस्टर 10K अभियान के पहले दिन ही क्षे.का.,बेंगलूरु (दक्षिण) द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के अग्रणी कार्यालयों में अपना स्थान बनाने पर दि. 16.07.2021 को क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलूरु, श्री डी. चंद्र मोहन रेड्डी व क्षेत्र प्रमुख, श्री टी. नंजुंडप्पा द्वारा कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों व कार्यपालकों की उपस्थिति में केक काटकर खुशी का इजहार किया गया.

दि. 24 अप्रैल 2021 को क्षे.का. बेंगलूरु (उत्तर) ने नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलूरु में आयोजित कोरोना टीकाकरण शिविर का सह-प्रायोजन किया. इस शिविर में 200 से अधिक नागरिकों ने टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया.

दि. 25.06.21 को क्षे.का. हैदराबाद (पंजागुट्टा) के रोल आउट को एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया. केक काटते हुए क्षेत्र प्रमुख, श्री सी वी एन भास्कर राव; उप क्षेत्र प्रमुख, के श्रीनिवास मूर्ति एवं अन्य स्टाफ सदस्य.

कढ़ी पत्ता

हम अपने जीवन में आयुर्वेदिक चीज़ों का प्रयोग अक्सर करते है. इसके लिए कभी दादी माँ के नुस्खें से भरी पोटली खोलते है तो कभी अपने बुजुर्गों द्वारा लिखी आयुर्वेदिक किताबों का अध्ययन करते हैं. कभी नीम की कड़वाहट, तो कभी तुलसी रूपी औषधि का प्रयोग करते रहते हैं. कढ़ी पत्ता में भी अनेक गुणों की भरमार है.

कढ़ी पत्ते सुगंधित और बहुमुखी छोटे पत्ते है, जिसमें कई प्रकार के औषधीय गुण उपलब्ध है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है. इसे कृष्ण निम्बा या मीठी नीम के नाम से भी जाना जाता है. साधारण तौर पर कई लोग इसे भोजन से निकाल कर फेंक देते है, लेकिन इसके औषधीय गुण जानने के बाद फिर ऐसा कभी नहीं करेंगे. आईए, इस कढ़ी पत्तों के महत्व के बारे में हम जान लेते है:

- हर दिन कढ़ी पत्ता खाली पेट खाने से शरीर में आयरन सोखने में मदद करता है. कढ़ी पत्ता आयरन और फॉलिक एसिड का एक बेहतरीन स्रोत है तथा इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स ज्यादा मात्रा में पाए जाने के कारण इसका सेवन शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाता है.
- कढ़ी पत्ता में मौजूद तेल बालों को मजबूत बनाने में सहायक होता है. नारियल तेल में इस पत्ते को भूरे होने तक उबालकर उस तेल को बालों में प्रति दिन प्रयोग करें तो बाल घने और काले बनते हैं. कच्चे पत्तों को चबाकर सेवन करने से बालों का झड़ना भी कम होता है. इस तेल से बालों को असमय पकने से भी रोक सकते हैं.
- त्वचा संबंधी रोग कम करने में कढ़ी पत्ता फायदेमंद है. इसमें बैक्टीरियल, वाईरल इन्फेक्शन को रोकने के गुण हैं जो मुंहासों को भी बढ़ने से रोकता है.
- शरीर में सूजन जैसी समस्याओं में इन पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाकर लगा सकते हैं.
- इन पत्तों में विटामिन ए, बी, सी तथा कैल्शियम अधिक मात्रा में मौजूद हैं जो मानसिक तनाव और नसों की कमजोरी को कम करने में सहायक होता है तथा मस्तिष्क को तेज रखता हैं.
- कफ होने या फेफड़ों में जमाव की स्थिति हो तो कढ़ी पत्ते को पीसकर उस पाउडर में शहद को मिलाकर खा सकते हैं.
- पाचन संबंधी समस्या, पेट में जलन तथा दस्त लगने पर कढ़ी पत्ते को पीसकर छास में मिलाकर पीने से फायदा होता है. घी में भुना कढ़ी पत्ता मल में खून आने की समस्या का समाधान होता है.
- कढ़ी पत्तों में फ़ाइबर तथा कोलेस्ट्रोल को कम करने का गुण पाया जाता है. मधुमेह के रोगी अपने भोजन में इसे शामिल कर मधुमेह पर नियंत्रण कर सकते हैं.
- इन पत्ते में भारी मात्रा में अमीनो एसिड पाया जाता है जो हृदय की मांसपेशियों के लिए बेहद मददगार हैं.
- कढ़ी पत्ता नेत्र संबंधी समस्याओं को बढ़ने से रोकता है.

कढ़ी पत्ता का उपयोग दक्षिण भारत में ज्यादा किया जाता था लेकिन आज कल इसका प्रयोग सभी जगह के तरह तरह के भारतीय व्यंजनों में किया जा रहा है. अपने विशिष्ट स्वाद के कारण कढ़ी पत्ता, भारतीय भोजन का एक अहम हिस्सा बन गया है. इसलिए इसे साल भर इस्तेमाल करने वाली औषधि कहा जाता है.

- श्रीमती एन वी एन आर अन्नपूर्णा
क्षे. म. प्र. का., विशाखापट्टनम

पुलियोगरे

पुलियोगरे दक्षिण भारत का एक लोकप्रिय स्वादिष्ट पदार्थ है. तिरुपति बालाजी के मंदिर में पुलियोगरे को प्रसाद के रूप में बाँटा जाता है. पुलियोगरे दावत का एक अंग भी माना जाता हैं. तथा यात्रा में भी ले जाया जा सकता है. यह मिष्ठान्न भोजन का एक अंग है. और इसे नाश्ते में भी परोसा जाता है. इसे खट्टा चावल या इमली चावल के नाम से भी पहचाना जाता है.

सामग्री : इमली 50 ग्राम, लाल मिर्ची 50 ग्राम, अक्खा या सूखा धनिया 25 ग्राम, काली मिर्च 5-8 ग्राम, जीरा 5-8 ग्राम, सूखा मेथी 5 ग्राम, राई (सरसों) 15 ग्राम, उडद डाल 50 ग्राम, चना डाल 50 ग्राम, सफ़ेद तिल 50 ग्राम, सूखा नारियल 50 ग्राम, लवंग 5 ग्राम, इलायची 5 ग्राम, मूंगफली दाना 50 ग्राम, काजू 25 ग्राम, हींग, नमक स्वाद अनुसार, तेल 100 ग्राम, घी 25 ग्राम, करीपत्ता 25 ग्राम और हल्दी पाउडर, गुड़ स्वाद के लिए.

सबसे पहले इमली को पानी में डालकर 10-15 मिनट रखें. फिर अच्छी तरह मसल कर उस का जूस बनाइये और बीज एवं गूदे को छान कर रखिए.

कढ़ाई में बिना तेल के मिर्ची 40 ग्राम, पूरा धनिया, कालीमिर्ची, जीरा, मेथी, लवंग, इलायची, 30 ग्राम उडद और 30 ग्राम चना डाल के साथ खोपरा और तिल 25 ग्राम को भी भून लीजिए, इन सभी भुनी हुई वस्तुओं को मिक्सर में दरदरा पीस लीजिये. अब कढ़ाई को आंच पर रखकर तेल डाल दीजिये. तेल गरम होने के बाद बची हुई राई, उडद दाल, चना दाल, मूंगफली, काजू, तिल, हींग, कढीपत्ता डालिए. इमली के पानी को इस तड़के में डालकर हल्दी पाउडर, नमक, और गुड़ मिलाकर इस घोल को गाढ़ा होने तक आंच पर रखिए. उतारते समय घी डालकर उतारिए. यह घोल 15-20 दिन तक बाहर और कई महीनों तक फ्रिज में रख सकते हैं.

चावल पकने के बाद इसे कढ़ाई में डाल दीजिये, उसके ऊपर इस घोल को डाल कर अच्छी तरह मिक्स कर दीजिये ताकि सभी चावल में यह घोल मिक्स हो जाए. थोड़ा सा तिल का तेल भी मिला सकते हैं. स्वाद के अनुसार नमक डाल सकते हैं. पुलियोगरे को गरम-गरम, नारियल की चटनी या राइता या तले पापड़ के साथ परोसिए.

- एस. शिवकुमारन
क्षे. म. प्र. का., पुणे

आपकी पाती

आपके कार्यालय की गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' का जनवरी-मार्च, 2021 अंक हमारे कार्यालय में प्राप्त हुआ, धन्यवाद.

सर्वप्रथम, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 2021 के दौरान मिले अनेकानेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए टीम एमआरपीएल की ओर से बहुत-बहुत बधाई.

'यूनियन धारा' हिन्दी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं के सम्मिलन से प्रकाशित पत्रिका बहुत ही अनोखी लगी. पत्रिका में प्रकाशित लगभग सभी आलेख चाहे वे हिन्दी में हो या अंग्रेजी में; स्तरीय, संग्रहणीय एवं श्रेयस्कर हैं.

संपादकीय में आपने ठीक ही कहा है कि मानव संसाधन का कार्य केवल नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है बल्कि कौशल विकास एवं प्रशिक्षण, कार्य निष्पादन पर नज़र रखना और सभी कर्मचारियों को समान अवसर प्रदान करना भी इसके अंतर्गत आता है.

बैंकों में मानव संसाधन के अंतर्गत आनेवाले सभी योजनाओं की जानकारी इस पत्रिका के माध्यम से मिलती है. विशेषत: दिव्यांग कार्मिकों के सशक्तिकरण में मानव संसाधन विभाग की भूमिका, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी, प्रशिक्षण एवं विकास का महत्व, अवकाश गृह सुविधा, समूह चिकित्सा बीमा पॉलिसी, कर्मचारी के अधिवर्षिता लाभ; पेंशन, उपदान, संस्था को बनाए रखने हेतु प्रशिक्षण एवं विकास का महत्व तथा प्रभाव, सेवा निवृत्त कार्यपालकों एवं अधिकारियों को व्यावसायिक रोजगार, Principles Of Natural Justice & Disciplinary Procedure In the Bank, Increment, Fitments आदि जैसे अनेकानेक लेख पठनीय हैं.

सारगर्भित लेखों के साथ-साथ पत्रिका में प्रकाशित सभी कविताएं बेहद अच्छी लगीं. अमृता प्रीतम जैसी प्रसिद्ध साहित्यकार का परिचय व उनके साहित्यिक योगदान का प्रस्तुतीकरण पत्रिका को पठनीय बनाने में सार्थक सिद्ध हुआ है. मेरी राय में यह अंक सभी कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के लिए उपयोगी साबित होगा. इस पुनीत कार्य के लिए संपादक मण्डल को साधुवाद.

विभिन्न कार्यालयीन गतिविधियों को दर्शाती हुई चित्रों से सुसज्जित झांकियाँ पत्रिका के उत्कृष्ट संपादन को प्रतिबिंबित करती है.

उत्कृष्ट एवं सारगर्भित प्रकाशन के लिए मेरी ओर से संपादकीय टीम को बहुत-बहुत बधाइयाँ और शुभकामनाएँ तथा पदोन्नत हुए सभी उच्च कार्यपालकों को एमआरपीएल टीम की ओर से हार्दिक बधाई.

- डॉ. बी. आर. पाल

वरिष्ठ प्रबंधक (राभा), एमआरपीएल, मंगलूरु

अभी कुछ दिनों पहले ही आपकी गृह पत्रिका यूनियन धारा का नवीनतम अंक (सतर्कता विशेषांक) पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ. सतर्कता जैसे महत्वपूर्ण विषय को समर्पित यह पत्रिका ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ पाठकों का मनोरंजन भी करती है. यह पत्रिका आईटी एवं अन्य विषयों पर भी हिंदी भाषा में तकनीकी ज्ञान प्रदान करती है. श्री जितेंद्र सिंह वर्मा द्वारा लिखित 'साईबर सुरक्षा' संबंधी आलेख, मो. जावेद अर्शद का श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के संबंध में आलेख, श्री विश्वास कुमार आनंद का न्यू अंब्रेला एंटिटि संबंधी आलेख, स्टाफ सदस्यों द्वारा लिखित विभिन्न कविताएं मुझे बहुत पसंद आयीं. यह ना केवल पाठकों को चुनौतियों से परिचित करवाते हैं बल्कि नवीन उत्साह भी जागृत करते हैं. इसी प्रकार अमन सक्सेना का आलेख 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' समाज के कड़वे सच को बयान करता है. पत्रिका में समाज के लगभग सभी क्षेत्रों के आलेख जैसे खेल जगत, स्वास्थ्य, योग, बैंकिंग आदि शामिल किए गए हैं. मुन्नार का मनोहारी चित्रण बहुत शानदार है. पत्रिका डिजाईन बहुत ही आकर्षक है, साथ ही रंगों का समामेलन भी बहुत सुंदर है. अंत में केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि आपकी गृह पत्रिका का अक्टूबर-दिसम्बर 2020 का अंक पूर्णत: संतुलित है. पत्रिका हर दृष्टि से उत्कृष्ट है. यूनियन धारा के संपूर्ण संपादक मंडल, विशेषकर सुश्री सुलभा कोरे, मुख्य प्रबंधक एवं संपादक को पत्रिका के प्रकाशन हेतु बहुत बहुत बधाई.

- सद्दाम खान

बैंक ऑफ बड़ौदा, रतलाम

आपके कार्यालय की तिमाही द्विभाषिक गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' का दिसंबर 2020 का अंक प्राप्त हुआ. तदर्थ धन्यवाद. यह अंक बैंकिंग विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक विषयों को सम्मिलित करके बनाया गया है. 'क्या निजीकरण, आज के युग की मांग है?' 'भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की भावी चुनौतियां,' 'नई शिक्षा नीति और भारतीय भाषाएं' ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी है. मुन्नार एवं जबलपुर संबंधी जानकारी भी ज्ञानवर्धक है. आपके द्वारा उत्कृष्ट एवं सार गर्भित प्रकाशन के लिए संपादकीय सलाहकार मंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

- राजीव वार्ष्णेय

सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई



सदियां बीत गयी, मैं यहां ऐसे ही खड़ा हूँ.
समृद्धि का सावन कब का बीत गया
अब सिर्फ यादें और बियाबान एकांत है
मैं खड़ा हूँ, गुमसुम, अकेला.
निहारता हूँ,
ठहरे हुए पानी में अपना ही प्रतिबिंब.
और महसूस करता हूँ
माहौल और मुझमें ठहरा हुआ
वीराना...

कविता और छायाचित्र : **डॉ. सुलभा कोरे**
यूनियन धारा, के.का., मुंबई

► बदामी, कर्नाटक

Union Dhara, R.N.27989/76

Printed and Published by Dr. Sulabha Shrikant Kore on behalf of Union Bank of India, Printed at Uchitha Graphic Printers Pvt. Ltd., 65, Ideal Ind. Estate, Mathuradas Mill Compound, S. B. Marg, Lower Parel, Mumbai - 400 013, and Published from Union Bank of India, 239, Union Bank Bhawan, Vidhan Bhawan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021. Editor - Dr. Sulabha Kore.